हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–239 : जौनपुर, गुरुवार 30 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कल 11बजे पहुंचेगी भाजपा की जनविश्वास यात्रा : दो विधानसभाओं में होगा रोड शो एवं जनसभा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा की जनविश्वास यात्रा के स्वागत के लिए जौनपुर में जगह–जगह तोरण द्वार बनाए गये हैं। केसरिया परिधान में महिलाएं पुष्प वर्षा करते हुए आरती उतारेंगी। भाजपा की जनविश्वास यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार नीलकंठ तिवारी, राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति, राष्ट्रीय मन्त्री एवं सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर मौजूद रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी की जनविश्वास यात्रा शुक्रवार को धर्मापुर के रास्ते पचहटीया जौनपुर की सीमा में प्रवेश करेगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अगुवाई में जनसभा और रोड शो निकाला जाएगा। जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी एवं जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि जनविश्वास यात्रा शुक्रवार को पहुंचेगी। स्वागत के लिए जगह–जगह तोरण द्वार बनाए गए हैं। केसरिया परिधान में महिलाएं पुष्प वर्षा करते हुए आरती उतारेंगी। शहर में यात्रा पचहटीया के रास्ते नगर में प्रवेश करेगी जहाँ पर मण्डल जौनपुर उत्तरी द्वारा यात्रा का स्वागत होगा उसके उपरांत पचहटिया से होते हुए यह यात्रा कुत्तूपुर पहुँचेगी, जहाँ पर यात्रा का भव्य स्वागत होगा, उसके उपरांत शकरमण्डी में शिवकुमार मौर्य के नेतृत्व में और उर्दू बाजार में प्रदीप जायसवाल एवं पंकज जायसवाल के नेतृत्व में और कोतवाली चौराहा पर श्याम मोहन अग्रवाल की अगुवाई में यात्रा का स्वागत होगा। उसके उपरांत यात्रा चहारसू चौराहा पर पहुंचेगी जहां पर महादेव सेना के जिला अध्यक्ष विमल सिंह के नेतृत्व में यात्रा का भव्य स्वागत एवं पुष्प वर्षा होगी, ओलंदगंज चौराहा पर मण्डल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव के अगुवाई में और जेपी होटल पर सुधांशु सिंह के नेतृत्व में यात्रा का भव्य स्वागत होगा और पुष्प वर्षा होगी। जेसीज चौराहा पर सरस गौड़ के नेतृत्व में भव्य स्वागत होगा। उसके उपरांत यात्रा



बड़े हनुमान मंदिर निकट रिवरव्यू के पास एक भव्य जनसभा होगी जिसमें मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित जनता को संबोधित करेंगे। जिला महामंत्री और यात्रा प्रमुख अमित श्रीवास्तव ने बताया कि जनसभा के उपरांत यात्रा जेसीज चौराहा होते हुए पॉलिटेक्निक चौराहा पर पहुंचेगी जहाँ पर अमित श्रीवास्तव एवं सतीश त्यागी के नेतृत्व में स्वागत होगा उसके उपरांत पॉलिटेक्निक चौराहा से होते हुए यात्रा नईगंज पर पहुंचेगी जहां पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय एवं पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता की अगुवाई में मोर्चा के लोग यात्रा का भव्य स्वागत एवं पुष्प वर्षा करेंगे, उसके उपरांत नईगंज से सीहीपुर क्रॉसिंग पर यात्रा पहुंचेगी जहां पर जिला महामंत्री सुनील तिवारी के नेतृत्व में संदीप सरोज, पवन पाण्डेय, नरेन्द्र विश्वकर्मा और भोपाल सिंह भोले यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे। उसके उपरांत यात्रा सिकरारा चौराहा पर पहुंचेगी जहां पर उनका भव्य स्वागत होगा। उसके उपरांत गुलजारगंज से होते हुए मछली शहर जिले में प्रवेश करेगी जहां पर रोड शो एवं सभा होते हुए यात्रा रात्रि विश्राम करेंगी।

## 2 जनवरी को बदलापुर में होगा 'ब्रह्मादेश समागम' : जुटेंगे लाखों ब्राह्मण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विगत 16 दिसम्बर को वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में ओ३म् श्री लोकहित मनोमन्थन का आयोजन हुआ था, जहाँ हजारों–हजार ब्राह्मणों ने एकत्रित होकर लोकहित सप्तसमिति का गठन किया और सप्तसमिति के ब्रह्मविद्वानों ने श्री अरूण दुबे को ब्रह्मादेश के क्रियान्वयन हेतु सारथी नियुक्त किया। क्रियान्वयन के लिए रविवार 2 जनवरी 2022 को प्रातः 10 बजे "जन गण जय हे" की भावना को आत्मसात करते हुए 'ब्रह्मादेश समागम' का आयोजन बदलापुर तहसील के कड़ेरेपुर में होगा, जहां 2 लाख से अधिक लोग एकत्रित होंगे। ओ३म् श्री ट्रस्ट के ट्रस्टी पूर्व विधायक ओम प्रकाश 'बाबा' दुबे कार्यक्रम का संयोजन करेंगे। पूर्व विधायक ओम प्रकाश 'बाबा' दुबे ने बताया कि 'ब्रह्मादेश समागम' में होने जा रही घोषणाएं उनके और उनके "बाबा मित्र परिषद" समेत अन्य संगठनों से जुड़े हजारों–हजार सहयोगियों के तीन दशकों से भी अधिक समय से चलाए जा रहे कई निजी पहल एवं परिवार के धर्मार्थ, शैक्षिक, सामाजिक संस्थाओं व सामाजिक एवं राजनीतिक सक्रियता द्वारा निःस्वार्थ मानवीय कल्याण युक्त विकास कार्यक्रमों की परिणति है। समागम द्वारा आगामी चुनाव की दिशा निर्धारित करने वाली लोकहित से जुड़ी घोषणाओं को उपस्थित लाखों लोगों और मीडिया द्वारा जन–जन




तक पहुँचाया जाएगा। ये जानकारी ओ३म् श्री लोकहित सप्तसमिति के सारथी अरुण दुबे ने प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि यह जनसागर रूपी 'ब्रह्मादेश समागम' अनन्त काल से ब्राह्मणों द्वारा सर्वथा लोकहित को ही स्वहित मानने के मूल सिद्धान्त का अनुसरण करते हुए गौरवशाली भविष्य के प्राप्ति पथ पर सर्वसमाज के हर वर्ग को समकक्ष लेकर अग्रसर होने का निर्णायक क्षण है। पूर्व विधायक ओम प्रकाश 'बाबा' दुबे ने पूरे प्रदेश से राजनीति में वंचित हर वर्ग के लोगों को 'जन गण जय हे' की भावना से 'ब्रह्मादेश समागम' में पधारने के लिएअपील किया है।

## हाइवे पर बेतरतीब माल वाहन खड़ा करने से बढ़ा खतरा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र में स्थित हाइवे पर माल वाहन खड़ा करने से खतरा बढ़ गया है। इसमें बेतरतीब ट्रक खड़ा करके चालक फैक्ट्री से माल लादने के लिए अपने बारी का इंतजार करने लगते हैद्यजिससे घण्टों ट्रक हाइवे पर खड़ा रहता है। जिससे आने जाने वालों के लिए खतरा बढ़ गया है। जब कि हाइवे पर चौबिसों घण्टे वाहनों का तेज रफ्तार में आना जाना लगा हुआ है। ठंड के मौसम के साथ सुबह शाम पड़ रहे घने कोहरे में आने जाने वालों वाहनों व लोगों के लिए खतरा और बढ़ गया है। इसके चलते पूर्व में वाहनों के टक्कर में कई घाटनाएं हो चुकी है। कई बार उद्यमियों ने पुलिस प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी सुनी नहीं गई। सूत्रों के माने तो पता नहीं क्यों पुलिस जान कर भी आजान बनी हुई है। जब कि यह अव्यवस्था पुलिस चौकी से महज 100 मीटर दूर पर है । इस संबंध में पूछे जाने पर चौकी प्रभारी सतहरिया अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि अगर कोई वाहन हाइवे पर बेतरतीब खड़ा करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

## युवक की ट्रेन से कटकर मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर के चौमना गांव के पास ट्रेन से कटकर एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गयी।घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुँच गयी। जफराबाद के हौज गांव निवासी दीपक राजभर बुधवार की देर शाम को घर से एक तेरहवीं में शामिल होने गया था।वह वहां से रात को घर नही आया।परिवार के लोगों ने सोचा शायद वह रात को वही रुक गया हो।गुरुवार की सुबह लोगों ने दीपक की लाश रेलवे ट्रैक पर देखा।उसके बाद गांव तथा घर के लोग मौके पर पहुंच गए।परिजनों में कोहराम मच गया।युवक की एक वर्ष पहले शादी हुई थी।वह संविदा पर रोडवेज बस का चालक था।

## मालेगांव बम धमाके में सेकुलर ताकतों की साजिशें हो रहीं बेनकाब : मालेगांव बम धमाकों में योगी जी को फंसाने की थी साजिश?

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : महाराष्ट्र के मालेगांव में हुआ बम धमाका एक सुनियोजित राजनैतिक साजिश का एक बहुत ही बड़ा और घटिया हिस्सा था जो अब धीरे– धीरे ही सही लेकिन बेनकाब हो रहा है और साथ ही धर्मनिरपेक्षता का ढोंग करने वाले भी बेनकाब हो रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आजकल हिंदू बनाम हिंदुत्वादी का राग अलापकर उसकी आड़ में सनातन हिदू संस्कृति पर चोट पहुंचा रहे हैं। मालेगांव प्रकरण से उठ रहे पर्दों से यह साफ हो गया है कि राहुल गांधी ने हिंदू धर्म बनाम हिंदुत्व का मुददा साजिश के तहत ही उठाया है । वास्तविकता यह है कि मालेगांव बम धामके के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संत समाज को बदनाम करने की जो साजिश रची गयी थी वह अब खुलकर सामने आ रही है और इन्हें अपना मुंह छुपाना है । यूपी विधानसभा चुनावों के ठीक पहले ही मालेगांव बम धमाके का 15 वां गवाह भी मुकर गया है। 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में एक मस्जिद के पास मोटर साइकिल पर बंधा बम फटने से छह लोगों की मौत हो गई थीं और 100 से अधिक लोग घायल हो गये थे। पूरे मामले की जांच चल रही है और मामला अदालत में भी चल रहा है। अभियोजन पक्ष के एक गवाह ने मुंबई की एक विषेष अदालत को बताया कि उसे महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते को एक बयान देने के लिए परेशान किया गया था। गवाह ने अदालत में कहा कि, "एटीएस ने जबरदस्ती मुझे घर से उठा लिया और अवैध रूप से हिरासत केंद्रों में रखा, मुझे व मेरे परिवार को परेशान किया गया। वे मुझे कई दिनों तक धमकी दे रहे थे और दबाव डाल रहे थे कि अगर मैं संघ नेताओं के नाम नहीं लेता तो मुझे रिहा नहीं किया जायेगा और मेरी पत्नी के साथ कुछ भी हो सकता है. उन्होंने कहा किहम आपको तब तक नही छोड़ेंगे जब तक आप संघ के पांच सदस्यों योगी आदित्यनाथ ,स्वामी असीमानंद, इंद्रेश कुमार ,काकाजी और देवधरजी के नाम नहीं लेते। केस में अब तक अभियोजन पक्ष के 400 गवाहों में से केवल 140 का ही परीक्षण किया गया है और अभी तक 15 गवाह अपने बयान से मुकर चुके हैं। जैसा कि स्वाभाविक था ,गवाह का बयान सामने आते ही राजनीति भी शुरू हो गयी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक इंद्रेश कुमार जी ने इसे संघ और हिंदुत्व को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए यूपीए शासन द्वारा रची गई साजिश कहा है। इंद्रेश जी ने कहा कि अब अगर कोई आकर कहता है कि सोनिया गांधी या मनमोहन सिंह या सुशील शिंदे, राहुल और प्रियंका इस षड्यंत्र में शामिल नहीं थे तो वह गलत है। सच्चाई तो यह है कि इसमें पूरी कांग्रेस शामिल थी। वे सभी दल जो इसके गठबंधन में शामिल थे वे भी साजिश में शमिल थे और समान रूप से दोषी हैं । उन्होंने कहाकि यह तब भी साबित हुआ था और आज फिर हुआ है। उन सभी को माफी मांगनी चाहिए। यह धमाका रमजना के पवित्र माह में हुआ था जिसका लाभ उठाकर तत्कालीन सरकार ने अपना सेकुलर चेहरा दिखाने के लिए हिंदू



संगठनों को बदनाम करने के लिए साजिश रच दी। इस मामले में भोपाल की सांसद साध्वी प्रज्ञा सिह ठाकुर , स्वामी असीमानंद और लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित को मुख्य आरोपी बनाय गया था । एनआईए की विशेष अदालत ने जून 2016 में आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। लेकिन यह मामला सदा पूरी तरह से संदेह के घेरे में ही रहा। 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद जब नयी जांच टीम बनायी गयी उसके बाद कांग्रेस की साजिश परत दरपरत खुलती जा रही है साथ ही तत्कालीन गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे की हिंदू आतंकवाद की थ्योरी भी नाकाम होती जा रही है। हालांकि अदालत में अभी मामला चल रहा है और लगभग सभी आरोपी जमानत पर बाहर हैं। सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और स्वामी असीमानंद अपने साक्षात्कारों और लेखों के माध्यम से मालेगांव बम धमाके में हिरासत में रखे जाने के बाद उन पर जो अत्याचार किये गये थे उसका दर्द बयान कर चुके हैं। इस प्रकरण में गवाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम भी लिया है तो उप्र के राजनैतिक गलियारे में भी यह मामला पूरे जोर शोर से उठ रहा है। सभी विरोधी दलों को गवाह का यह बयान आने के बाद मिर्ची लग गयी है और कह रहे हैं कि आगामी चुनावों के पहले इस प्रकार का बयान बाहर आना यूपी में योगी जी को लाभ पहुंचाने के लिये किया जा रहा एक प्रयास है। सेकुलर ताकतों का कहना है कि भाजपा इस बयान से राजनैतिक बढ़त प्राप्त करने के प्रयास कर रही है। एआईएएम के विधायक मुफ्ती मोहम्मद इस्माइल –ए–खलीफ ने गवाह के दावे को सच्चाई से परे और राजनीति से प्रेरित बताया है। खलीक ने कहाकि पांच राज्यों के आगामी चुनावों के मददेनजर और 14 वर्षों के बाद इस गवाह को समाने लाया गया है । गवाह का यह दावा कि उसे योगी आदित्यनाथ और संघ के अन्य सदस्यों का झूठा नाम लेने के लिए मजबूर किया गया था राजनीति से प्रेरित नजर आता है। इस मामले की मुख्य आरोपी साध्वी प्रज्ञा ठाकुर जी ने अपने कई साक्षात्कार व लेखों के माध्यम से मालेगांव धमाकों की साजिश व जांच एजेंसियो के कारनामों को उजागर किया जो काफी सनसनीखेज रहे हैं। वह बताती रही है कि किस प्रकार से तत्कालीन सरकार की जांच एजेसिंयो ने उन्हें हिरासत में रखने के दौरान प्रताड़ित किया था। इसी प्रकार स्वामी असीमानंद जी को भी फंसाने का काम किया जाता रहा लेकिन अब असीमानंद जी सभी आरोपों से बरी भी हो चुके हैं। अब जब गवाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का नाम लिया है कि, "इस धमाके में उनका नाम लेने का दबाव डाला जा रहा था" का भाजपा को कितना राजनैतिक लाभ आगामी चुनावो में मिलेगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

## छप्पर में लगी आग से एक भैंस व बाइक सहित हजारों का सामान खाक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : के बिसुनपुर पुल गूजर गाँव में बीती रात अज्ञात कारणों से लगी आग से छप्पर में बंधी भैस,एक बाइक सहित हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन जब तक वह मौके पर पहुंचती सब कुछ स्वाहा हो गया । मिली जानकारी के अनुसार उक्त गाँव निवासी अजित यादव के घर के सटा हुआ छप्पर है जिसमे उनकी एक भैस बाधी जाती थी।बगल में बाइक भी खड़ी की जाती थी। बुधवार की रात लगभग 10 बजे परिवार के लोग भोजन करके सोने चले गए।थोड़ी देर में छप्पर से तेज लपटें निकलती देख किसी ने शोर मचाया तो परिजन जागकर वहाँ पहुँचे।तब तक आग पूरे छप्पर को गिरफ्त में ले लिया था। आस पास के लोगों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन सब बेकार गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया लेकिन जब तक वह घटना स्थल पर पहुँचती छप्पर में बंधी भैस बाइक सहित गृहस्थी के हजारों के सामान जलकर खाक हो गए।

### मारपीट की अलग अलग घटनाओ में शिक्षामित्र समेत छह घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के अलग अलग दो गांवों में हुई मारपीट में शिक्षामित्र समेत कुल छह लोग घायल हो गए सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड पर हुआ गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बघन्द्रा गांव के रहने वाले शिवकुमार का पड़ोस के ही एक व्यक्ति से रास्ते की बात को लेकर कई माह से विवाद चल रहा था अचानक विपक्षियों ने शिवकुमार के परिवार पर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिमसें शिवकुमार और उनकी पत्नी सुषमा इसके पुत्र पंकज और पुत्र अंगद को चोट आई वही सरेमु गांव की निवासिनी और शिक्षामित्र सरोज देवी पत्नी प्रमोद कुमार और इनकी पुत्री रागनी को जमीनी विबाद के चलते पड़ोसियों ने पीट दिया इस बारे में थाना अध्यक्ष गौराबादशाहपुर अवध नारायण यादव का कहना है की मामले की जानकारी हुई है तहरीर मिली है उचित कार्यवाही होगी।

### आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## 3 दिन बाद करोड़ों किसानों के खाते में आयेंगा 4 हजार रूपये

डीकेयू ब्यूरो चीफ गोरखपुर राजनारायण ओझा : 20 22 में किसानों के लिए खुशियों के साथ शुभारंभ करने जा रहा है।जी हां हम आपको बता दें कि किसान सम्मान निधि की 9वीं–10वीं किस्त जारी होने मे 3 दिन का समय ही शेष बचा है:1जनवरी दो हजार 22 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी किसानों को सम्बोधित करेंगे और किसान सम्मान निधि की दसवीं किस्त जारी करेंगे।।बता दें कई किसानों के खाते में 2000 की जगह पूरे 4000 रुपये मिलेंगे।जी हां.... आइए आपको बताते हैं किसे।पीएम किसान सम्मान निधि की 10वीं किस्त का पैसा 1 जनवरी 2022 को किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा।पीएम मोदी नए साल पर यह राशि किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। नए साल पर यानी 1जनवरी को किसानों के खाते में 10वीं किस्त का पैसा ट्रांसफर हो जाएगा।पीएम मोदी दोपहर को 12 बजे किसानों के खाते में पैसा जारी करेंगे।बता दें जिन भी किसानों को 9 वीं किस्त का पैसा नहीं मिला है उन लोगों के खाते में 9वीं और10वीं दोनों किस्तों का पैसा एकसाथ ट्रांसफर किया जाएगा।यानी इन लोगों के खाते में पूरे 4000 रुपये आएंगे।केंद्र सरकार इस स्कीम के तहत किसानों को सालाना 6000रुपये की आर्थिक सहायता देती है।इस पैसे को सरकार तीन किस्तों के रुप में देती है।यानी आपको 4–4 महीने के अंतर पर 2000 रुपये की राशि मिलती है।ये पैसा सीधे आपके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाता है।इस स्कीम का लाभ लेने के लिए आपकी आयु 18 से 40 साल के बीच होनी चाहिए।इसके अलावा आपके पास 2 हेक्टेयर खेती योग्य जमीन होना भी जरूरी है।जिन किसानों के पास खेती योग्य जमीन नहीं है वह इस स्कीम का फायदा नहीं ले सकते हैं।पीएम किसान योजना के तहत रजिस्टर्ड किसानों की संख्या बढ़कर 12 करोड़ हो गई है।इस स्कीम में सरकार अब तक 9 किस्तों का पैसा ट्रांसफर कर चुकी है. सरकार ने 1.58 लाख करोड़ रुपये इस स्कीम के तहत ट्रांसफर किए हैं।

## अरुआवा गाँव मे दिन दहाड़े गोली चलने से मची सनसनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के अरुआवा गाँव मे गुरुवार को उस समय सनसनी मच गई जब अपाचे सवार दो बदमाश गांव के युवक पर दिन दहाड़े फायर कर फरार हो गए।जख्मी हालत में युवक को इलाज के लिए पहले सीएचसी मछलीशहर फिर सदर अस्पताल भेज गया।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी भोला सरोज का बेटा राकेश सरोज(30) गुरुवार को लगभग 11 बजे सगड़ी पर बांस लाद कर घर जा रहा था। अरुआवा मोड़ के पास पीछे से अपाचे मोटर साईकिल से पहुँचे दो अज्ञात बदमाश युवक के करीब पहुँच कर उस पर फायर झोंक दिया। जिससे वहां सनसनी फैल गई। गोलो युवक के दाहिने हाथ मे लगी। वह वहीं गिर कर तड़पने लगा।बदमाश मौके से फरार हो गए।गोली की आवाज सुन आस पास के लोग मौके पर पहुँच कर पुलिस को सूचित कर युवक को इलाज के लिए सीएचसी मछलीशहर भेजवाया जहाँ से बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल भेज दिया गया। मौके पर मय फोर्स पहुंचे थानाध्यक्ष मनीष राय ने घटना स्थल का मुआयना कर परिजनों से पूछ ताछ कर आवश्यक जानकारी ली। परिजनों के अनुसार उससे किसी से कोई विवाद नहीं था।

## चोरी की बाइक तमंचा और कारतूस के साथ दो धराए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों से मंगलवार की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और चोरी की बाइक संग दो बदमाशो को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही के बाद दूसरे दिन चलान न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अश्विनी दूबे ने बताया कि पिलकिछा गाँव के कोकना मजरे के पास गश्त के दौरान संदिग्ध युवक दिखाई दिया। उसे बुलाने पर दूर भागने लगा। पुलिस टीम ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा और जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। उसने अपना नाम पता इसी थाना क्षेत्र के शेखपुर सुतौली गांव निवासी अजीत निषाद उर्फ राज बताया। इसी तरह चेकिंग के दौरान बिशुनपुर मोड़ पर पुलिस ने चोरी की बाइक, अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। सरपतहा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गाँव निवासी धर्मेन्द्र पुत्र गनपत लूट और छिनैती के कई मामले में वांछित चल रहा था। जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर उसे बड़ी कामयाबी मिली। गिरफ्तार करने वाली टीम मे प्रभारी निरीक्षक के अलावा उप निरीक्षक राम प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल संजय ओझा, शिवसमुझ, अरुण कुमार, चंद्रशेखर सिंह सामिल रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जो व्यक्ति हर पल दुःख का रोना रोता है, उसके द्वार पर खड़ा सुख बाहर से ही लौट जाता हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# सुझावः म्यांमार में संभलकर

विगत फरवरी में म्यांमार में हुई तख्तापलट के बाद से ही, जब आंग सान सू की के नियंत्रण में चल रही सरकार को हटा दिया गया था, वह देश अनिश्चय के भंवर में है। तख्तापलट के बाद ही पश्चिमी देशों ने म्यांमार पर इस उम्मीद में प्रतिबंध लाद दिए कि इससे सैन्य जुंटा पर लोकतंत्र की पुनः स्थापना का दबाव बनेगा। तख्तापलट ने इस क्षेत्र के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के सामने भी म्यांमार के साथ नया रिश्ता बनाने की चुनौती पेश की।

विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला की हालिया म्यांमार यात्रा पड़ोस के इस देश के साथ रचनात्मक सूत्र में बंधने के उद्देश्य से प्रेरित थी, जो पूर्वोत्तर में भारत के साथ अपनी सीमा साझा करता है और जो इलाका भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत चाहेगा कि म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली हो और वह देश अपने संविधान के अनुरूप संघीय ढांचे को महत्व दे। इसीलिए म्यांमार की एक अदालत ने जब सत्ता से हटा दी गई नेत्री सू की को लोगों को उकसाने और कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया, तब भारत ने उस फैसले पर अपनी नाखुशी जताई।

नई दिल्ली ने अदालत के उस फैसले की आलोचना की और उसे कानून के शासन तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमतर करने वाला बताया। हालांकि म्यांमार की आलोचना करते हुए भी भारत बेहद सतर्क था, क्योंकि वह जानता था कि नाराज करने पर म्यांमार चीन के पाले में जा सकता है। अपनी म्यांमार यात्रा में शृंगला ने वहां के सैन्य नेतृत्व को लोकतंत्र की बहाली के लिए जल्दी चुनाव करवाने के लिए कहा। सैन्य जुंटा ने वर्ष 2023 में चुनाव करवाने का संकेत दिया है और वे सीधे चुनाव के अलावा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली की शुरुआत करने के बारे में भी सोच रहे हैं। भारत ने यह सुझाव दिया है कि म्यांमार को उसी व्यवस्था का अनुपालन करना चाहिए, जो वहां की जनता के लिए राजनीतिक रूप से स्वीकार्य हो। भारत ने वहां के सैन्य नेतृत्व से राजनीतिक बंदियों की रिहाई के लिए भी कहा है। शृंगला ने विपक्षी पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) के नेताओं से भी मुलाकात कर यह संदेश दिया कि म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली के लिए भारत उसे उतना ही महत्वपूर्ण पक्ष मानता है।

अलबत्ता पश्चिमी देशों की तरह भारत म्यांमार के सैन्य जुंटा पर प्रतिबंध लगाने की नीति नहीं अपना सकता, क्योंकि वह पूर्वोत्तर में म्यांमार के साथ 1,700 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। पूर्वोत्तर भारत में उग्रवाद की समस्या पुरानी है और अतीत में एकाधिक उग्रवादी समूह म्यांमार की सरकार की सहमति या सहमति के बगैर वहां शरण ले चुके हैं। हालांकि भारत और म्यांमार के बीच बेहतर तालमेल के कारण वे उग्रवादी समूह पिछले कुछ साल से कमजोर पड़े हैं। पूर्वोत्तर में स्थिति सुधरने और वहां तुलनात्मक रूप से शांति का माहौल लौटने के पीछे म्यांमार की सेना का योगदान बहुत ज्यादा है। इसके बावजूद फिलवक्त कम से कम छह उग्रवादी समूह चीन और म्यांमार की जमीन से वहां हिंसात्मक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

म्यांमार में अस्थिरता के बावजूद भू–राजनीतिक कारणों से उसके साथ सावधानीपूर्वक रिश्ते बनाने में ही बुद्धिमानी है। दरअसल म्यांमार में हमेशा ही चीन की गहरी पैठ रही है। वह म्यांमार को हथियारों की आपूर्ति करने वाला प्रमुख देश है। कुछ ही सप्ताह पहले राजधानी यांगून में संपन्न एक आयोजन में उसने म्यांमार की नौसेना को एक पनडुब्बी सौंपी। उस समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ जनरल और तख्तापलट में केंद्रीय भूमिका निभाने वाले मिन आंग ह्लेंग ने की थी। चीन–म्यांमार आर्थिक गलियारे के निर्माण के जरिये चीन म्यांमार में ढांचागत निर्माण का काम भी कर रहा है। खुद म्यांमार भी चीन और पाकिस्तान द्वारा निर्मित युद्धक विमान खरीद रहा है। म्यांमार ने हथियारों की आपूर्ति के लिए एक दूसरे बड़े हथियार निर्यातक रूस से भी संपर्क साधा है। रूस भी इस क्षेत्र के एक बंदरगाह को अपनी नौसेना की रणनीतिक जरूरतों के लिए इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहा है। जाहिर है कि इस क्षेत्र में भू–राजनीतिक परिस्थिति दिन–ब–दिन बेहद जटिल होती जा रही है। ऐसे में, भारत–म्यांमार के संबंधों में किसी तरह की दरार का फायदा भारत–विरोधी ताकतें उठा सकती हैं।

दरअसल म्यांमार में लोकतंत्र के समर्थन में हुए विरोध प्रदर्शनों ने भी भारत के लिए सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ा दी हैं। वहां प्रदर्शनकारियों पर सेना के हमले के कारण अनेक लोग सीमा पार कर भारत के मिजोरम और मणिपुर जैसे राज्यों में घुस आए हैं। भारत ने अपनी नीतियों के तहत उन लोगों से म्यांमार वापस लौट जाने के लिए कहा है। ऐसा माना जा रहा है कि मिजोरम में कोविड की चुनौती के लगातार बने रहने का एक बड़ा कारण बड़ी संख्या में म्यांमार के नागरिकों का वहां आना भी है। इस स्थिति से निपटने के लिए भारत ने म्यांमार को 10 लाख टीके दिए हैं, जिनमें से अधिकांश का इस्तेमाल सीमा पर रहने वाले लोगों के लिए होना है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि म्यांमार में गृहयुद्ध जैसी स्थिति भारत के लिए बेहद चिंताजनक है। अगर वहां हालात बिगड़ते हैं, तो भारत और खासकर पूर्वोत्तर का इलाका उससे गहरे तौर पर प्रभावित होगा। वैसी स्थिति में चीन और पाकिस्तान पूर्वोत्तर में उग्रवाद की मौजूदा कमजोर स्थिति को भड़काकर उसका इस्तेमाल भारत को कमजोर करने के लिए कर सकते हैं। म्यांमार के सीमांत इलाके में पहले से ही हथियारों की तस्करी में तेजी आने की रिपोर्टें हैं। उनमें से कुछ हथियार बेहद आसानी से पूर्वोत्तर के उग्रवादियों के हाथ लग सकते हैं। लिहाजा स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए भारत किसी का पक्ष नहीं ले सकता, इसके बजाय सभी हितधारकों से संवाद करना ही उसके लिए एकमात्र विकल्प है।ऐसा लगता है कि म्यांमार की जुंटा वर्ष 2011 से पहले की व्यवस्था में लौटना चाहती है। लेकिन वैसी हालत में अगर म्यांमार और पूर्वोत्तर के सीमांत इलाके में स्थिति बिगड़ती है, तो भारत को अपनी मौजूदा नीति बदलनी पड़ेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## ईरीगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाइज एसोसिएशन के कर्मचारियों का समायोजन को लेकर धरना जारी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ईरीगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाइज एसोसिएशन द्वारा 25 वें दिन भी सिंचाई विभाग मुख्यालय पर कर्मचारियों का धरना जारी रहा प्रान्तीय महामंत्री सुरेश त्रिपाठी ने बताया कि हमारा अनिश्चितकालीन धरना जारी है और हमने विभागाध्यक्ष के आश्वासन के कारण अभी तक शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया लेकिन अब आर पार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है और आवश्यकता पडी तो मुख्यमंत्री आवास की ओर पुनः कूच करेगे और जिस प्रकार से आश्वासन पर आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन समायोजन के संदर्भ में कोई आदेश नही आ रहा है शर्मनाक विषय है और हम जल्द ही इस विषय को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देगे हमारे मुखिया होने के नाते उनको अवगत कराना हमारा कर्तव्य है और यदि आवश्यकता पडी तो कर्मचारियों के हित में हर संभव कदम उठाने को तैयार है लेकिन समायोजन की मांग जब तक पूर्ण नही होगी हमारा धरना, प्रदर्शन, घेराव हर सम्भव कदम उठाने को कर्मचारी विवश है इन गरीब कर्मियों के समायोजन/पुर्नस्थापन के लिए हम आवश्यकता पड़ी तो मरने को भी तैयार है जिसकी जिम्मेदारी विभागाध्यक्ष बी.के.निरंजन महोदय की होगी , और यदि हमारा समायोजन कर देते है तो हमें इस बात पर भी गर्व होगा कि हम गरीबों को न्याय दिलाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों ने हमारा साथ दिया नही तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह का



सहयोग हमें प्राप्त है हम आर पार की लड़ाई लड़ेगे परिणाम कुछ भी हो किसान मजदूर अब एक मंच पर आकर पुनः लड़ेगे और इतिहास रचकर दिखायेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से , भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह , सरदार दिलराज सिंह , नगर अध्यक्ष फहीम सिद्दीकी वरिष्ठ किसान नेता राजकुमार यादव , व किसान नेता राम सागर पासी , व ईरीगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाइज यूनियन के प्रान्तीय महामंत्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, ओमप्रकाश मिश्र व गणेश सक्सेना , रविन्द्र सिंह पूनम सक्सेना , लालता प्रसाद , रवीन्द्र कुमार जायसवाल आदि बहुत सारे कर्मचारी उपस्थित रहे हैं। इस गरीब कर्मियों को न्याय दिलाने के लिए आज दिनांक 30/12/2021 को कांग्रेस कैन्ट प्रत्याशी श्रीमती कुसुम शर्मा जी ने भी धरना स्थल पर उपस्थित हो कर कर्मियों के समायोजन का समर्थन दिया और कहा कि इस लड़ाई में मैं हर तरह से सहयोगी बन कर न्याय दिलाने की लड़ाई लडूंगी।

## घर पर गिरी आकाशीय बिजली : घर मे लगा बिजली का सारा सामान जला

गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमारःखजनी तहसील के अंतर्गत नगर पंचायत उनवल के वार्ड नंबर 2 बाबू बेढ़ा में बीती रात रियासी मकान पर आकाशीय बिजली घर के सटे ताड़ के पेड़ और दो मकान पर गिरने से छत में छेद होने के साथ पूरा मकान का छत में दरारें पड गयी।और घर मे लगे बिजली के तार साहित सारे उपकरङ जल गए। दोनों घर के मुखिया मनीराम मौर्या और महेश मौर्य ने बताया मंगलवार भोर में लगभग 3:00 बजे आसमान में बादल की गर्जना से अचानक विजली मकान पर गिरी पूरा परिवार में अफरा तफरी मच गया, और घर के सारे तार और उपकरण मोटर,पंखा, बल्ब,इत्यादि समान जल गए ,किसी तरीके से एक कोने दुबक कर जान बचाये,छत के एक हिस्से में एक छेद हो गया है मेरे और मेरे भाई के पूरे छत में दरारे पड गयी है ।और बिजली से चलने वाला जितना सामान दोनों घरो में लगा था लगभग लाखो का जल लर खाक हो गया।और घर भी हमारा खराब हो गया।सबसे बड़ी बात यह रही कि विधुत कट गई थी अगर विधुत रही होती तो बड़ा



हादसा हो सकता था, ।सुबह होते ही हमने इसकी सूचना लेखपाल महोदय को दे दी है।

## 31 को होने वाली जीएसटी काउंसिल बैठक से व्यापारी आशान्वित

आर एल पाण्डेय लखनऊ। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने 31 दिसंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा बुलाई गई जीएसटी की बैठक में कपड़ा और जूते पर जीएसटी कर दर में वृद्धि को स्थगित करने पर विचार कर निर्णय लेने के लिए कैट की मांग को स्वीकार करने के लिए उनका आभार जताया है ! सरकार द्वारा 18.11.2021 को जारी अधिसूचना के अनुसार कपड़ा और जूते पर जीएसटी कर की दर 1 जनवरी, 2022 से 5: से बढ़ाकर 12: करने की घोषणा की गई है जिसको लेकर देश भर के व्यापारियों में रोष और आक्रोश है ! कैट के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता ने कहा कि जीएसटी काउंसिल द्वारा इस बैठक में कपड़ा और जूते पर जीएसटी कर की दर में वृद्धि को स्थगित करने के निर्णय के साथ–साथ अन्य परिवर्तनों को स्थगित करने के लिए देश का व्यापारी समाज बहुत आशान्वित है ! कैट ने अपने द्वारा उठाई गई मांग की जीएसटीआर 9 और जीएसटीआर 9C दाखिल करने की तारीख 31.12.2021 से बढ़ाकर 28.2.2022 करने की भी सराहना की है संजय गुप्ता ने कहा। इस कदम से व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी। 27 दिसंबर को श्रीमती सीतारमण को भेजे गए अपने एक ज्ञापन में कैट ने 1 जनवरी, 2022 से लागू होने वाले कपड़ा और जूते पर जीएसटी कर की दर में वृद्धि और अन्य कदमों को लागू करने की मांग की थी। कैट ने श्रीमती सीतारमण से भी आग्रह किया था कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक "टास्क फोर्स" का गठन किया जाए जिसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और व्यापार के प्रतिनिधियों से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करने और आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाए ! कैट ने तर्क दिया कि देश की 85% से अधिक आबादी कपड़ा और जूते के सामान का उपयोग करती है, जिसकी कीमत 1000–00 रुपये से कम है, जिस पर वर्तमान में 5% कर लगता है। अधिसूचना में 1000 रुपये की सीमा को हटा दिया है और इन दोनों वस्तुओं को 12% के कर स्लैब के तहत लाया है। श्री संजय गुप्ता ने कहा कि इस तरह की भारी वृद्धि से 85% आबादी पर कर का बोझ पड़ेगा और सामान और महंगा हो जाएगा। कैट ने यह भी तर्क दिया है कि ऐसे समय में जब जीएसटी राजस्व संग्रह महीने दर महीने बढ़ रहा है, कर दरों में वृद्धि का कोई औचित्य नहीं है। जहां तक उल्टे शुल्क ढांचे के युक्तिकरण का संबंध है, व्यापारी सरकार के साथ चर्चा करने के लिए अधिक इच्छुक हैं।

## इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत किसानों का दल भ्रमण पर भेजा गया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत एक दिवसीय कृषक भ्रमण दल कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई द्वारा 50 किसानों सहित भारतीय गन्ना शोध संस्थान ,लखनऊ एवं केंद्रीय मृदा लवणता संस्थान , करनाल के स्थानीय परिसर लखनऊ पर भ्रमण हेतु भेजा गया। इसके अतिरिक्त 50 किसानों का एक भ्रमण दल उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर में भेजा गया। भ्रमण दल द्वारा इन संस्थानों द्वारा गन्ना की विकसित प्रजातियों एवं नवीनतम तकनीकों को देखा गया इस दौरान इन संस्थानों के वैज्ञानिक गणों द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन हेतु संचालित उपकरणों एवं डी कंपोजर द्वारा जैविक खाद बनाने की विधियां के बारे में सविस्तार किसानों को बताया। किसानों द्वारा इन संस्थानों पर सजीव प्रदर्शन इकाइयों का अवलोकन किया गया तथा इनसे संबंधित प्रश्नों एवं सुझावों को भी जाना। कृषि विज्ञान केंद्र, हरदोई के वैज्ञानिकों डॉ डी.बी. सिंह, डॉ दीपक कुमार मिश्र एवं डॉ पृथ्वीपाल द्वारा कृषकों को इन संस्थानों द्वारा




विकसित नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया एवं इन्हें अपने खेतों पर अपनाने हेतु सुझाव भी दिया। भ्रमण के दौरान कृषकों ने दिखाई गई नवीनतम तकनीकों को खेत तक ले जाने का विश्वास जताया एवं इससे लाभ लेने की बात कही।

## स्थानीय लोगों के आरोप के मुताबिक आधार कार्ड बनाने में नहीं थम रहा अवैध वसूली का सिलसिला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के मिल्कीपुर तहसील के हैरिग्टनगंज शिक्षा क्षेत्र में कार्ड बनाने के लिए क्षेत्र के लोग दर–दर भटक रहे हैं। इसके बावजूद उनका प्रयास बेकार साबित हो रहा है।वहाँ पर कार्ड बनवाने आने वाले लोगों का आरोप है कि खंड शिक्षा कार्यालय हैरिग्टनगंज में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पारा ताजपुर में खुलेआम प्रति आधार कार्ड 200 से 300 रुपये तक सुविधाशुल्क जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता को देखते हुए लोग इसे बनवाने के लिए खंड शिक्षा कार्यालय हैरिग्टगंज (पारा ताजपुर) के निकट उच्च प्राथमिक विद्यालय पाराताजपुर का चक्कर लगा रहे हैं। सुबह से शाम तक कार्यालय में अपनी बारी का इंतजार करने के उपरांत थक हार कर अपने घरों को हुए रग वापस लौट जा रहे हैं। आधार कार्ड उन्हीं का बन रहा है, जो प्रति आधार कार्ड 200 से 300 रुपये तक का सुविधाशुल्क देते हैं। उनके इस कार्य का खंड शिक्षा अधिकारी एवं कर्मचारी इस गोरखधंधे का विरोध भी नहीं कर रहे है। यहां डंके की चोट पर वसूली हो रही है। मानो आधार कार्ड बनाने के नाम पर लूट की खुली छूट है।स्थानीय अभिभावकों ने जिलाधिकारी का ध्यान अपेक्षित करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ताकि गरीबों बच्चों का आधार कार्ड सुविधाजनक तरीके से बिना किसी लेनदेन के बन सके। फिलहाल यदि इस गोरखधंधे की जांच हुई तो बेसिक शिक्षा विभाग के कई और बड़े चेहरे भी बेनकाब जरूर होंगे। जिनके कंधों पर तोप रखकर आधार कार्ड बनाए जाने के नाम प खुला खेल फर्रुखाबादी खेला जा रहा है।

## नगर निगम के नए सदन भवन का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मूख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने गृह जनपद गोरखपुर में इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना नगर निगम परिसर में बनाए गए ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी के प्रतिमा का अनावरण कर नए 127 बर्ष बाद बनाये गये नगर निगम सदन भवन का किया लोकार्पण मृतक आश्रितों को चेक वितरण कर छात्रों को लैपटॉप वितरण किया मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चाभी वितरण नगर निगम के नए सदन भवन के साथ तीन आईटीआई, एक पॉलिटेक्निक एक राजकीय मेडिकल कॉलेज विश्वविद्यालय में छात्रावास महानगर की दूसरी मल्टीलेवल पार्किंग ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन सीवरेज सिस्टम पेयजल सडक–नाली आदि समेत पूरे जनपद को सैकड़ों विकास परियोजनाओं की सौगात दिया। सीएम योगी नगर निगम के नए पांच मंजिला सदन भवन का लोकार्पण करने के साथ करीब 520 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें 360.45 करोड़ रुपये की लागत वाली 154 परियोजनाओं का शिलान्यास व 159.37 करोड़रुपये से पूर्ण हुई 109 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। नगर निगम के नवीन सदन भवन परिसर में सामाजिक समरसता के अग्रदूत ब्रह्मलीन महंतअवेद्यनाथ की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। सीएम योगीअपने गुरुदेव की इस प्रतिमा का भीअनावरण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्मित सदन भवन में पार्षद गणों को संबोधित किया पार्षद गणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फूल देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं। नगर निगम का सदन भवन – 23.45 करोड़ रुपये। आईटीएमएस–प्रथम चरण – 50.25 करोड़ डूडा की तरफ से बनी 40 सडकें – 22.23 करोड़ नगर निगम की तरफ से बनीं सड़कें, नाली आदि – ( संख्या–61) –11.88 करोड़ अमृत योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन




विस्तार – 50.56 करोड़ रुपये इन प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास किया सीवरेज योजना – 223.86 करोड़ रुपये रेलवे बस स्टेशन के सामने मल्टीलेवल स्मार्ट पार्किंग – 49.85 करोड़ सालिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट – 58.40 करोड़ रामगढताल सुंदरीकरण फेज–दो – 35.42 करोड़ सडक–नाली आदि (संख्या 143) – 15.68 करोड़ मुख्यमंत्री गोरखपुर से चलने वाली इलेक्ट्रिक बस्ती महिला ड्राइवर पूजा उत्साह वर्धन किया इलेक्ट्रिक बस में स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ तक यात्रा किया। इस दौरान महापौर सीताराम जयसवाल सांसद रवि किशन जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह विधायक ग्रामीण विपिन कुमार सिंह संगीता यादव फतेह बहादुर सिंह विमलेश पासवान उपसभापति नगर निगम ऋषि मोहन वर्मा सहित समस्त नगर निगम पार्षद गण तथा जीडीए उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह सीडीओ इंद्रजीत सिंह पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार नगर आयुक्त अविनाश सिंह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर कुलदीप मीना नायब तहसीलदार वशिष्ठ नारायण वर्मा नायब तहसीलदार विकास कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

## गोरखपुर में जल्द आएगी मेट्रो : रामगढ़ ताल में उतरेगा सी प्लेन – मुख्यमंत्री

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता है। पांच साल में बदलते गोरखपुर को सभी लोगों ने देखा है। यह नया गोरखपुर है। कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां खाद कारखाना और एम्स का उद्घाटन किया है। अब जल्द ही यहां मेट्रो भी आने वाली है और रामगढ़ताल में सी प्लेन भी उतरने वाला है। हमारा संकल्प नए उमंग से गोरखपुर को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का है। सीएम योगी बुधवार शाम गोरखपुर नगर निगम परिसर में निगम के नए सदन भवन के लोकार्पण, सामाजिक समरसता के अग्रदूर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण समेत 525 करोड़ रुपये की लागत वाली 262 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण–शिलान्यास के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन विकास परियोजनाओं में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), पेयजल पाइपलाइन का विस्तार व कई सड़कों का लोकार्पण तथा महानगर के दूसरे मल्टीलेवल पार्किंग, सीवरेज सिस्टम, सालिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट व रामगढताल (नया सवेरा) फेज–दो के सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास शामिल है। लोकार्पण–शिलान्यास समारोह में सीएम ने कहा कि कभी उपेक्षित रामगढ़ ताल की निखरी खूबसूरती के सभी लोग साक्षी हैं। अब इस ताल का उपयोग एयरपोर्ट के विकल्प के रूप में भी किया जाएगा यहां सी प्लेन उतारा जाएगा। दिल्ली–लखनऊ आवागमन के लिए सुविधा तो मिलेगी यहां के लोग बनारस की यात्रा सी प्लेन से ही कर सकेंगे। मां गंगा की पावन धारा में डुबकी लगाकर, बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर सी प्लेन से ही वापस गोरखपुर लौट सकेंगे। नगर निगम के लिए गौरव का क्षण सीएम योगी ने कहा कि नगर निगम, महापौर, पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए यह गौरव का क्षण है कि निगम को 127 साल बाद नया सदन मिला है। यह गोरखपुर के लिए स्मरणीय पल है। यह पूरे यूपी का सबसे भव्यतम सदन भवन बना है। उम्मीद है कि यहां से गोरखपुर के ठोस विकास की कार्ययोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। सीएम ने कहा कि नगर निगम गोरखपुर के इतिहास एवं विकास पर आधारित विस्तृत ग्रंथ बनवाए और इसे यहां की लाइब्रेरी का हिस्सा बनाए। वाटर स्पोर्ट्स का विश्व स्तरीय केंद्र बनेगा गोरखपुर। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नगर निगम परिसर में विकास की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है। कल नौजवानों को स्मार्टफोन और टेबलेट का वितरण किया जाएगा। साथ ही वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का शुभारंभ भी होगा। सीएम योगी ने कहा कि वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के जरिए गोरखपुर जल क्रीड़ा के क्षेत्र में विश्व स्त्तरीय केंद्र बनेगा। सीएम ने चौड़ी सड़कों स्ट्रीट वेंडर्स के व्यवस्थापन प्रधानमंत्री आवास योजना आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं की सफलता सामूहिक प्रयास का प्रतिफल है। इस अवसर पर पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल योजना की सौगात देते हुए उन्होंने कहा कि इससे दाउदपुर, शिवपुर सहबाजगंज, गोपलापुर आदि इलाकों में एक लाख की आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का किया अनावरण। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले नगर निगम के नवीन सदन भवन के सामने स्थित अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की भव्य प्रतिमा का डमरू नाद के बीचअनावरण किया। इस दौरान उन्होंने ब्रह्मलीन महंतजी की प्रतिमा के चरणों पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। फीता काटकर सदन भवन का उद्घाटन, आईटीएमएस कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण नगर निगम परिसर में मुख्यमंत्री ने पांच मंजिला नवीन सदन भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया और ततपश्चात भवन का निरीक्षण किया। इसी भवन में स्थित इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) फेज वन का शुभारंभ करने के साथ ही इसके कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आईटीएमएस से यातायात प्रबंधन के साथ ही गोरखपुर की सुरक्षा में भी मदद मिलेगी। "मुस्कुराइए, आप गोरखपुर में हैं" बुकलेट का विमोचन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम के महापौर सीताराम जायसवाल की पहल पर संकलित बुकलेट "मुस्कुराइए, आप गोरखपुर में हैं" का विमोचन किया। इस बुकलेट में गोरखपुर महानगर के धरोहरों से लेकर अद्यतन विकास तक को संजोया गया है। इलेक्ट्रिक बसों को सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी नगर निगम में आयोजित लोकार्पण–शिलान्यास समारोह के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शास्त्री चौक पर महानगर में चलने वाली आधुनितकतम 15 इलेक्ट्रिक एसी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल से आप इन इलेक्ट्रिक बसों की यात्रा का आनंद ले सकते हैंम गोरखपुर को कुल 25 ऐसी बसें मिली है जिनमें से 15 का संचालन कल से प्रारंभ हो जाएगा। विद्युत से चार्ज होने वाली इन बसों से धुंआ न निकलने के कारण प्रदूषण भी नहीं होता है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई की गोरखपुर में पहली इलेक्ट्रिक बस की चालक गोरखपुर की ही बेटी पूजा प्रजापति है। यह नारी सशक्तिकरण का नायाब उदाहरण है। कई योजनाओं के लाभार्थियों को मंच पर मिला मुख्यमंत्री का सानिध्य मंच पर सीएम योगी ने दो लोगों को मृतक आश्रित नियुक्ति पत्र, स्पर्श विद्यालय के दो दिव्यांग बच्चों को क्रिकेट किट, दो सफाईकर्मियों की मेधावी बेटियों को लैपटॉप, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के दो लाभार्थियों को आवास की चाबी, दो स्ट्रीट वेंडरों को प्रमाण पत्र व दो सफाईकर्मियों को प्रशस्ति पत्र तथा उपहार प्रदान किया। समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत महापौर सीताराम जायसवाल ने किया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह, विधायकगण डॉ राधामोहन दास अग्रवाल, फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, बिपिन सिंह, संत प्रसाद, श्रीमती संगीता यादव, शीतल पांडेय, डॉ विमलेश पासवान, नगर निगम के उप सभापति ऋषि मोहन वर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सपा नेता पूर्व मंत्री पवन पांडे ने अयोध्या के कृष्णा पैलेस में पत्रकार भोज कार्यक्रम में 2022 की डायरी एवं कैलेंडर देकर किया सम्मानित

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या की राम नगरी शहर अयोध्या के कृष्णा पैलेस होटल मे समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री तेज नरायण पाण्डेय उर्फ पवन पाड़े विगत वर्ष के अंतिम महीने में पत्रकारों को भोज कार्यक्रम में आमंत्रित कर उन्हे 2022 का डायरी एवं कैलेंडर देकर सम्मानित किया। अयोध्या के कृष्णा पैलेस होटल में सपा पार्टी के नेता पूर्व मंत्री तेज नरायण पाण्डेय एव वरिष्ठ कार्यकर्ता इस भोज कार्यकम में शामिल हुए सैकड़ों पत्रकार को सम्मानित किया। अयोध्या प्रेस कलब के अध्यक्ष महेन्द्र त्रिपाठी को डायरी एवं कैलेण्डर देकर सम्मानित किया गया और सम्मानित पत्रकार दैनिक समाचार–पत्र देश की उपासना एवं लाइव चैनल अयोध्या ब्यूरो चीफ सुरेन्द्र कुमार को, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार मांझी, शीलदास, रामशंकर श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव पत्रकार सुबोध श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार के के मिश्रा, अनिल जी, शुभम,आदि कई पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

# थाना लाइन बाजार पुलिस द्वारा एक अभियुक्त कट्टा 315 बोर व कोरतूस के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कल दिनांक 29.12. 2021 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जौनपुर व श्रीमान अपर पुलिस अध ीक्षक महोदय नगर, क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के कुशल निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में, उ0नि0 सुधीर कुमार मय हमराह हे0का0 चन्द्रमा पाण्डेय व का0 सुनील कुमार के थाना हाजा से रवाना होकर देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित अभियुक्त/संदिग्ध ा में कलीचाबाद मौजूद थे कि मुखबीर खास की सूचना पर रामजस यादव पुत्र स्व0 प्यारेलाल यादव नि0 सिकन्दरा थाना सिकरारा जनपद जौनपुर उम्र करीब 30 वर्ष को एक अदद कट्टा 315 बोर के साथ समय 11.35 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त रामजस यादव उपरोक्त को मा0न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1–रामजस यादव पुत्र स्व0 प्यारेलाल यादव नि0 सिकन्दरा थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1.एक कट्टा 315 बोर तथा एक जिन्दा कारतूस 315 बोर आपराधिक इतिहास– 1.मु0अं0सं0 368/21 धारा 3/25 आयुध अधि



ानियम थाना लाइनबाजार जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 61/21 धारा 41/ 411/ 414 आईपीसी थाना सिकरारा जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 195/20 धारा 379 आईपीसी थाना कोतवाली जौनपुर। 4.मु0अ0सं0 60/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सिकरारा जौनपुर। गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली टीम– 1. उ0नि0 सुधीर कुमार, हे0का0 चन्द्रमा पाण्डेय, का0 सुनील कुमार, थाना लाइनबाजार, जौनपुर।

# थाना बदलापुर जौनपुर द्वारा 04 शातिर महिला चोर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधि ायों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी हमराह हे0का0 सतीश कुशवाहा, का0 अरबिंद मिश्रा के द्वारा थाना क्षेत्र दाउदपुर के पास टेम्पो मे चार शातिर महिला चोरो द्वारा महिला टीचर की गले चेन चुराते समय शोर मचाने पर जनता व पुलिस के सहयोग से चोरी के चेन सहित दिनांक 28.12. 21 को समय 4.30 बजे गिरफ्तार किया, जिसके संबंध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 388/2021 धारा 379/411 भादवि पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्ता– 1. पूजा पत्नी पप्पू पुत्री सुरेश ग्राम करनपुर थाना सिधारी जनपद आजमगढ। 2.सुमन पत्नी टुन्नु उर्फ जयप्रकाश नि0 करनपुर थाना सिधारी जनपद आजमगढ। 3.सोनी उर्फ




बच्चा पुत्री टुन्नु उर्फ जयप्रकाश नि0 करनपुर थाना सिधारी जनपद आजमगढ। 4.संगीता पत्नी समीर नि0 भवरनाथ थाना कंदरापुर जनपद आजमगढ। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1–उ0नि0 उ0नि0 ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी थाना बदलापुर जौनपुर। 3. हे0का0 सतीश कुशवाहा थाना बदलापुर जौनपुर। 4. का0 अरबिंद मिश्रा थाना बदलापुर जौनपुर।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती सिंह ने वृद्धाश्रम अल्लीपुर का औचक निरीक्षण किया

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित एवं समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित वृद्धाश्रम, अल्लीपुर, हरदोई का श्रीमती राजमती सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी हरदोई द्वारा औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के समय उन्होंने वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों को भोजन करते हुए देखा। भोजन में मीनू के अनुसार छोला की सब्जी ,आलू की सूखी सब्जी, पूड़ी, अचार तथा सलाद बना हुआ था । भोजन को चखने पर पाया कि भोजन स्वादिष्ट और रुचिपूर्ण था । तत्पश्चात उन्होंने आश्रम के आवासीय कक्षों का निरीक्षण किया जहां पर सब के पास गद्दा, गरम रजाई कंबल इत्यादि की पूर्ण व्यवस्था थी । आश्रम में स्नानागार में गर्म पानी हेतु गीजर लगाया गए हैं। सभी तरफ से प्राकृतिक मनोरम वातावरण पाया गया। वयोवृद्ध से बात करने पर पता चला कि वह लोग अभी देशाटन करके कल रात्रि में ही लौटे हैं आश्रम में रहने वाले निर्मल बाबा, जागेश्वर बाबा, उजागर बाबा आदि ने बताया कि संस्थान के प्रबंधक डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी''मधुपेश'' जी द्वारा जीवन के अन्तिम पड़ाव पर देशाटन व तीर्थाटन का कार्यक्रम हम लोगों को कराया गया है इसके लिए उनको बहुत–बहुत आशीर्वाद और हमारी दुआएं हैं। आश्रम में ही रहने वाली दादी प्रीति,पंकोरा, बिटोली, लल्ली आदि ने कहा कि



मैंने प्रथम बार अपने गांव से बाहर इस आश्रम में आई और आश्रम के बाद पहली बार किसी तीर्थ स्थान पर जाकर दर्शन किए यह हमारे जीवन को ध ान्य करता है। जो सेवा हमारे अपने न कर सके वह सुशील भाईया कर रहे हैं। अभिलेख को नियमानुसार भरा हुआ पाया गया । वुजुर्गो को बाटें जाने वाले स्वेटर, कार्डिगंन आदि के सैम्पल देखे तथा शीघ्र गरम वस्त्र वितरण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय वृद्धाश्रम के मोनी, मेघा, पूजा, निर्भय, नैतिक, रामकान्ती आदि समस्त कार्यकर्ता तथा 120 दादा दादी बाबा उपस्थित रहे।

# जांच में पकड़ीं नौ अवैध क्रेनें : न फिटनेस प्रमाण पत्र : न ही बीमा व प्रदूषण सहित अन्य प्रपत्र – परिवहन विभाग

लखनऊ ब्यूरो: परिवहन विभाग के प्रवर्तन की तीन टीमों ने बुधवार को सात ठिकानों पर छापा मारकर क्रेनों की जांच की। इस दौरान ऑपरेटर के पास न तो क्रेन का फिटनेस प्रमाण पत्र मिला और न ही बीमा व प्रदूषण सहित अन्य प्रपत्र। टीमों ने नौ क्रेनों का चालान कर प्रत्येक पर 27 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अमर उजाला ने 15 दिसंबर को माई सिटी में 'जिन्हें जब्त होना चाहिए, वो क्रेनें ही सड़कों से उठा रही हैं वाहन' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर पुलिस, नगर निगम व ठेकेदार के खेल का खुलासा किया था। इसे गंभीरता से लेते हुए परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने मामले की प्रवर्तन इकाई से जांच रिपोर्ट मांगी थी। इस क्रम में बुधवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला, अमित राजन राय व यात्रीकर अधिकारी आशुतोष उपाध्याय ने सिनेपोलीस, फन माल, हजरतगंज, बारा बिरवा, सहारा माल के निकट, पत्रकारपुरम चौराहा, पालीटेक्निक चौराहा पर नौ क्रेनों की जांच की। अफसरों ने बताया कि अवैध क्रेनों को थाने ले गए तो पुलिस ने सुपुर्द में लेने से इनकार कर दिया। इस पर चालान करना पड़ा। चार जनवरी को अभियान फिर चलेगा और इस दौरान अवैध क्रेनों को जब्त किया जाएगा। तीन दिन में करा सकते हैं वैध। प्रवर्तन की तीन टीमों ने नो पार्किंग जोन से गाड़ियों को उठाने वाली नौ क्रेनों की जांच की। न तो फिटनेस था न ही प्रदूषण सहित अन्य प्रपत्र। चालान कर जुर्माना लगाया गया। इन क्रेनों को तीन दिन में वैध कराने का अल्टीमेटम दिया है। निरस्त होगा क्रेन ठेकेदार का ठेका, जनता को देंगे सहूलियत। क्रेन ठेकेदार की चल रही दादागीरी पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि उसका ठेका निरस्त किया जाएगा। इस बारे में नगर आयुक्त को भी निर्देश दिए। महापौर ने नगर आयुक्त को बताया कि उनके पास भी कई शिकायतें आ रही हैं। जो टेंडर निकाला गया है उसमें नियम शर्तें सही नहीं दी गई हैं। ऐसी शिकायतें हैं कि वह एक ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए हैं। रिटेंडर किया जाए और नियम व शर्तें तय की जाएं कि कहां से गाड़ी उठाई जाएंगी। यातायात पुलिस के साथ मिलकर पीली पट्टी भी खिंचवाई जाएगी। उधर, नगर निगम द्वारा जारी टेंडर को लेकर कई आपत्तियां भी दर्ज हुई हैं। भाजपा पार्षद व एलडीए बोर्ड सदस्य रामकृष्ण यादव ने कहा कि ठेका निरस्त किया जाए और पुरानी व्यवस्था बहाल की जाए। क्रेन वालों पर एसयूवी मालिक को पीटने का आरोप। गोमतीनगर में बुधवार को फन मॉल के पास नो पार्किंग से एसयूवी उठाने को लेकर विवाद हो गया। एसयूवी मालिक इंदिरानगर, सेक्टर 11 में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रदीप ने क्रेन ठेकेदार के कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप लगाया। थाने पहुंचने पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। बुधवार को ही पत्रकारपुरम में एक अन्य कार चालक को भी पीटने का क्रेन ठेकेदार के कर्मचारियों पर आरोप लगा। जबकि कर्मचारियों ने भी कार मालिक अहमद अब्बास निवासी चौक पर साथियों को बुलाकर मारपीट करने का आरोप लगाया। गोमती नगर इंस्पेक्टर केशव कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ एनसीआर दर्ज की गई है। वहीं, क्रेन ठेकेदार प्रशांत सिंह ने मारपीट के आरोपों को गलत बताया।

# पांच वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के निकट पर्यवेक्षण मे तलाश वारण्टी/वांछित / पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष खेतासराय के नेतृत्व मे मंगलवार की रात्रि मे उ0नि0 हरिशंकर यादव व उ0नि0 राजेश




कुमार मिश्र के संयुक्त टीम द्वारा 05 नफर वारंटी क्रमशः 1.सुरेश पुत्र बनारसी निवासी मनीकलाँ थाना खेतासराय जौनपुर 2. मो0 ग्यासुद्दीन पुत्र वसी अहमद निवासी वार्ड नं0 13 भटियारी सराय थाना खेतासराय जौनपुर 3. विनय पुत्र अभय राज 4. कामता पुत्र अट्ठन लाल निवासीगण ग्राम अर्जनपुर थाना खेतासराय जौनपुर 5. छोटू पुत्र धरमू निवासी ग्राम चौकिया गुरैनी थाना खेतासराय जौनपुर उनके घर से गिरफ्तार किया गया आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है इस कार्यवाही में खेतासराय थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय,उ0नि0 हरिशंकर यादव,उ0नि0 राजेश कुमार मिश्र ,हे0का0 गुलाब चन्द यादव,धर्मेन्द्र कुमार यादव,मौजूद रहे।

# थाने चलने की धौंस देकर ठग दूकान दार से 60 पैकेट सिगरेट लेकर फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर की एक जलपान की दुकान पर बुधवार को पहुंचे एक अजनबी ठग ने दुकानदार पर धौंस जमाकर 60 पैकेट सिगरेट लेकर फरार हो गया। सच्चाई जानने पर दुकानदार हाथ मलता रह गया। सिगरेट की कीमत छह हजार बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नगर के चौराहा के पास खुटहन रोड पर कस्बे निवासी लल्लन गुप्ता की चाय पान की दुकान है। दोपहर बाद एक बाइक सवार दुकान पर पर पहुंचा। दुकान में सिगरेट का पैकेट देख दुकानदार से कहा कि सिगरेट क्यों बेचते हो। सिगरेट बेचना जुर्म है। धौंस देते हुए अजनबी ठग ने सारा सिगरेट का पैकेट लेकर थाने चलने को कहा। दुकानदार ने डरवश सारा सिगरेट का पैकेट पॉलिथिन में रखकर उसके साथ बाइक पर बैठ लिया। थाने से चंद कदम पहले ठग ने अंग्रेजी शराब की दुकान के पास बाइक रोककर एक अंडे की दुकान से अंडे लाने को कहा। बाइक से उतर कर दुकानदार अंडे लेने चला गया। तभी बाइक सवार ठग सिगरेट समेत बाइक से फरार हो गया। भुक्तभोगी दुकानदार लल्लन जब थाने पहुंच कर पुलिस से पूरी बात बताई तो पता चला कि थाने से कोई नहीं गया था। दुकानदार को समझते देर नहीं लगी कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। भुक्तभोगी दुकानदार के अनुसार ठग द्वारा ले गए 60 पैकेट सिगरेट में 30 पैकेट कैप्टन और 30 पैकेट गोल्डफ्लैग के सिगरेट थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की घटनास्थल पर हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जौनपुर मिर्जापुर मार्ग पर बुधवार की शाम ठाकुर मातिबर सिंह पीजी कॉलेज के निकट एक अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संतरा देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी कैलाश बनवासी ग्राम दुबेपुर थाना रामपुर अपने पति के साथ शाम को किसी काम से पैदल ही मडियाहू की तरफ आ रहे थे कि बसुही नदी पुल के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे संतरा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक आशेष नाथ सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# सफाई कर्मचारी संघ निर्वाचित प्रतिनिधियों का हुआ शपथग्रहण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा ब्लॉक सफाई कर्मचारी संघ के निर्वाचित प्रतिनिधियों का बुधवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जिलामंत्री शिवाकुमार यादव, सुनील राव द्वारा बक्शा ब्लॉक सफाईकर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र कुमार, मंत्री रवि प्रकाश एवं कोषाध्यक्ष लाल साहब यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान ब्लॉक सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यअतिथि ब्लॉक प्रमुख मनोज यादव, एडीओ पंचायत विजय बहादुर धुरिया, अमित पाठक , चंचल सिंह, राजेश कुमार, सतेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन केशरी प्रसाद ने किया।

### यूटा की ब्लॉक इकाई केराकत के पदाधिकारियों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी केराकत को सौंपा गया छः सूत्रीय मांग पत्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) की ब्लॉक इकाई केराकत के पदाधिकारियों द्वारा खंड शिक्षा अधि ाकारी केराकत राजेश कुमार यादव को छः सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रुप से शीतकालीन अवकाश में शिक्षकों का प्रशिक्षण ना



कराए जाने, शिक्षकों के अवशेष देयकों का अविलंब भुगतान कराए जाने, मानव संपदा से संबंधित कार्यों और बिल निर्माण कार्यों में शिक्षकों को ना लगाकर परियोजना द्वारा अधिकृत लिपिकों से कार्य लिए जाने से संबंधि ात मांगों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई केराकत अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार यादव, प्रवक्ता अजय सिंह, अमित कुमार तिवारी,अमित सिंह,श्रेयश भान सिंह,मिथिलेश कुमार गुप्ता, रुपेश सेठ, विनोद कुमार यादव उपस्थित रहे।

# दोआब में आसान नहीं किसी दल की राह : किसान आंदोलन और सपा–रालोद गठबंधन के बाद भाजपा ने झोंकी ताकत

मेरठ ब्यूरो : पश्चिमी यूपी में गंगा–यमुना के दोआब की उर्वरा भूमि में वोटों की फसल लहलहाने के लिए सभी राजनीतिक दलों ने ताकत झोंक रखी है। हरियाणा और उत्तराखंड से सटे बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ की 26 विधानसभा सीटों पर सर्द मौसम में भी सियासत गर्म है। वर्ष 2017 में भाजपा ने मेरठ, सहारनपुर मंडल में पड़ने वाले इन पांचों जिलों की 26 में से 20 सीटों पर जीत हासिल की थी। सपा को तीन, कांग्रेस को दो और रालोद को एक सीट मिली थी। टिकैत का गढ़ सिसौली जिस मुजफ्फरनगर जिले में है, वहां की सभी 6 सीटें भाजपा ने जीती थीं। तीन कृषि कानूनों की वापसी के बावजूद किसान आंदोलन के प्रभाव वाले इस क्षेत्र में इस बार भाजपा की चुनौती बढ़ी हुई है। फिलहाल शुरुआती दौर में भाजपा और सपा–रालोद गठबंधन के बीच मुख्य मुकाबला नजर आ रहा है। सियासी बहस में हर सरकार के काम को तौल रहे मतदाता मेरठ कॉलेज के पास कुटिया के नाम से मशहूर चाय की दुकानों पर युवाओं, छात्रों, वकीलों और मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। चाय की चुस्कियों के साथ यहां सरकारें बनाने–गिराने का दौर सुबह से शाम तक चलता है। एडवोकेट शक्ति सिंह कहते हैं, किसान आंदोलन ने तो सियासी हवा ही बदल दी। तीन कृषि कानून बनाते वक्त भी मास्टर स्ट्रोक बताया गया और वापस लिए तो भी...। अब इसमें से कौन वाला मास्टर स्ट्रोक था, पता नहीं। छात्र अभिनव को लगता है कि राममंदिर और जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना इस चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा है। अभिनव के दोस्त विवेक और हर्ष भी उनका दमदारी से समर्थन करते हैं। वे कहते हैं, अखिलेश ने सिर्फ शिलान्यास किए, काम तो योगी सरकार में ही हुआ। आदेश गुर्जर काउंटर अटैक करते हैं। वह कहते हैं, सरकार ने सहारनपुर में विश्वविद्यालय बनाया और पैसा मेरठ विश्वविद्यालय से दे दिया। कचहरी में लॉ की प्रैक्टिस कर रहे दीपक तोमर को लगता है कि नौकरियां मिल नहीं रहीं, इसलिए यही सबसे बड़ा मुद्दा होगा। आदेश प्रधान कहते हैं कि समाज में धर्म के आधार पर बंटवारा और भ्रष्टाचार बढ़ा है। शुभम राणा तीखे शब्दों में प्रहार करते हुए जोड़ते हैं यूपी में सबसे ज्यादा अपराध है। पीछे खड़े चाय की चुस्कियां ले रहे अमरोहा से आए डॉ. जैनुल आबेदीन महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता को चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बताते हैं। पर्स मोबाइल लूट, वाहन चोरी का डर नहीं मेरठ शहर के बीचो–बीच घंटाघर पर रात में भी लोग चुनावी चर्चाओं में मशगूल रहते हैं। यह उसी शहर विधानसभा सीट में आता है, जहां 2017 की लहर में भी भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी सपा के रफीक अंसारी से चुनाव हार गए थे। हालांकि, जिले की छह अन्य सीटों पर भाजपा विजयी रही थी। मिश्रित आबादी वाले इस इलाके में कड़ाही में पके बादाम वाले गर्म दूध की दुकानें रात भर खुली रहती हैं। यहां दूध पी रहे अंकुर बात छेड़ते हैं कि पांच साल में अपराध पर लगाम लगी है। पहले डर रहता था कि पता नहीं कहां पर्स और मोबाइल लुट जाए। अब वाहन चोरी का भी डर नहीं। चोरी के वाहनों को काटकर उनके पार्ट्स बेचने के लिए बदनाम सोतीगंज बाजार पर हुई कार्रवाई की ओर इशारा करते हुए वे कहते हैं, वहां तो ताले पड़ गए। सुना है अब वहां जूते–चप्पल बिकेंगे। पास ही खड़े इकबाल असहमति जाहिर करते हुए कहते हैं कि भाईजान लूट तो अब भी हो रही है। सोतीगंज में तो गेहूं के साथ घुन भी पिस रहा है। ईमानदारी से काम करने वालों की भी दुकानें बंद हो गईं। दुकानों पर काम करने वाले मजदूरों का क्या कुसूर है? हाथी की चाल पर भी नजर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सामने चाय की दुकानों पर भी सियासत के ही चर्चे हैं। तीस बरस से भी ज्यादा पुरानी इन दुकानों पर छात्रों, कंपनियों में काम करने वालों और कर्मचारी नेताओं का जमावड़ा रहता है। मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले इस अड्डे की खूबसूरती यह है कि सवर्ण, ओबीसी और दलित, यानी सभी धड़े आपको एक साथ बैठकर यहां चर्चा पर करते दिखेंगे। यहां मिले मेरठ कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. सतीश प्रकाश कहते हैं कि हाथी की चाल किसी भी वक्त बाजी पलट सकती है। वह आरक्षण और नौकरियों के मुद्दे पर सरकार से नाराज हैं। वहीं, छात्र संघ के पूर्व महामंत्री डॉ. रवि प्रकाश इसके उलट तर्क देते हैं कि नौकरियां तो पारदर्शिता से मिल रही हैं। भ्रष्टाचार और अपराध भी कम हुआ है। वहीं, विवेक बेनीवाल तर्क रखते हैं कि सबसे बड़ा मुद्दा किसान है। अबकी बार हवा बदल रही है। बीटेक कर चुके कमल प्रताप की नजर में अपराध ा घटा है। हाईवे और एक्सप्रेसवे बने हैं। भ्रष्टाचार कम हुआ है। कमल दावा करते हैं कि चुनाव इन्हीं मुद्दों पर होने जा रहा है। छुट्टा पशु, महंगी बिजली से परेशान, लेकिन जाति भी फैक्टर आम उत्पादन के लिए मशहूर किठौर विधानसभा क्षेत्र की फिजाओं में भी सियासत की चाशनी घुल रही है। मवाना रोड पर किठौर विधानसभा क्षेत्र के मसूरी गांव में हुक्का पी रहे 80 वर्ष के चौधरी अनार सिंह शांत भाव से कहते हैं, इस बार हवा बदल रही है। पास ही बैठे जयवीर उन्हें टोकते हुए कहते हैं, छुट्टा पशु खेत चर रहे हैं। तीन साल में गन्ने पर 25 रुपये बढ़े, पर किसान को कुछ नहीं मिला। बिजली की दरें गई गुना हो गईं। वहीं, अपने घर के चबूतरे पर बैठे हरदन धीमान कहते हैं, बदलाव जरूर है, फिर भी सबसे बड़ा मुद्दा तो सुरक्षा और अपराध ही रहने वाला है। खेतों में पशुओं की समस्या से वह परेशान हैं। स्थानीय स्तर पर नाराजगी के बाद भी वह सरकार से संतुष्ट हैं। पास ही बैठे किसान महावीर कश्यप कहते हैं, बदमाशों पर शिकंजा तो कसा है। जाट और अति पिछड़ा सबसे ज्यादा मुखर मेरठ–सहारनपुर मंडल के पांच जिलों की 26 सीटों पर जाट, मुस्लिम, दलित, गुर्जर और वैश्य मतदाता प्रभावशाली स्थिति में हैं। सैनी, कश्यप समेत कुछ अति पिछड़ी जातियां भी सियासी समीकरण प्रभावित करती हैं। किसान आंदोलन के असर के चलते बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर में जाट सबसे ज्यादा मुखर हैं। किसान आंदोलन में सक्रिय भागीदारी और तीन कानून वापस होने के बाद गांवों में इनके नफे–नुकसान पर चर्चा है। मुस्लिमों की चिंता, बंट न जाए वोट मवाना रोड स्थित मसूरी गांव में एक चौपाल पर चर्चा करते अजहर को लगता है कि महंगाई ने मजदूरों को मार डाला है। सिलिंडर तो मिला पर उसे भरवाएं कहां से। हर चीज महंगी है और काम धंधा चल नहीं रहा। उन्हें लगता है कि भाजपा को सीधी चुनौती सपा ही दे सकती है। यहीं बैठे महावीर कहते हैं कि अभी माहौल बदलेगा और बहनजी चुनाव में जबरदस्त एंट्री करेंगी। उन्हें उम्मीद है कि बसपा 100 से ज्यादा टिकट मुस्लिमों को देगी और इनमें ज्यादातर मेरठ–सहारनपुर मंडल में मिलेंगे। मुस्लिम राजपूत बहुल खरदौनी गांव के हाजी गफ्फार कहते हैं कि वोट बंटा तो फायदा भाजपा को होगा। यह बात अब सब समझ चुके हैं। मुजफ्फरनगर : किसानों के मुद्दों के साथ रोजगार का भी सवाल 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे के बाद 2017 के चुनाव में मुजफ्फरनगर और शामली में सुरक्षा का मुद्दा मतदाताओं के लिए पहले नंबर पर था। करीब 38 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले मुजफ्फरनगर–शामली जिले में इस बार हवा कुछ बदली–बदली है। मुजफ्फरनगर के ऐतिहासिक गांव सोरम में मिले सौरभ सिंह कहते हैं, रोजगार सबसे बड़ा मुद्दा है। भर्तियां अधूरी पड़ी हैं। विभागों में पद खाली हैं, नौकरियां मिल नहीं रहीं। बघरा के आसिफ प्रधान को लगता है कि इस बार चुनाव में किसान ही सबसे बड़ा मुद्दा है। विकास के नाम पर झूठ बोला गया है। अमीरनगर के जागन कश्यप का कहना है कि समाज को अनुसूचित जाति का आरक्षण दिया जाना चाहिए। जागन की नजर में रोजगार और महंगाई बड़ा मुद्दा है। पिछले पांच सालों में गन्ना मूल्य में सपा, बसपा सरकार की तुलना में कम वृद्धि होना, समय से बकाया भुगतान न मिलना और बिजली की बढ़ी दरें ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्दा हैं। हालांकि, यहां वोटों के ध्रुवीकरण के लिए खाद–पानी के भी इंतजाम किए जा रहे हैं। किसान आंदोलन का बड़ा चेहरा बने राकेश टिकैत के रुख पर भी मुजफ्फरनगर और आसपास के जिलों की नजर रहेगी। शामली : पलायन बनाम भाईचारा मुजफ्फरनगर से ही कटकर अलग जिला बने शामली में भी इस बार लोग अलग मुद्दों पर बात कर रहे हैं। भाजपा जहां दंगे और कैराना से पलायन की याद दिला रही है, वहीं विपक्षी दल भाईचारे की बात कर रहे हैं। बदमाशों के एनकाउंटर और कानून–व्यवस्था पर योगी सरकार के काम को कई लोग सराहते हैं, लेकिन काबड़ौत के अजय मलिक कहते है कि सरकार ने युवाओं की अनदेखी की है। टैबलेट और स्मार्टफोन दिए जा रहे हैं, लेकिन रोजगार नहीं दिया। लांक के रमेश कश्यप बताते हैं कि बिजली का बिल महंगा है। डीजल से कोल्हू चलाना आसान नहीं है। मजदूर वर्ग के लोगों के सामने मुश्किलें हैं। इन मुद्दों का समाधान होना चाहिए। चूनसा गांव के इंतजार कहते हैं, समाज को भाईचारे और विकास की जरूरत है। नेताओं का ध्यान काम के बजाय लोगों को जातियों और धर्म के आधार पर बांटने पर ज्यादा है। शामली वह जिला है जहां पलायन का मुद्दा सबसे ज्यादा गरमाया। इसी जिले के कैराना कस्बे में कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पलायन के बाद लौटे कुछ परिवारों से जाकर मिले थे। बागपत : सबसे बड़ा मुद्दा किसान । बागपत जिले को पहले चौधरी चरण सिंह और फिर चौध ारी अजित सिंह की कर्मभूमि माना जाता रहा है। अजित सिंह के निध ान के बाद अब राष्ट्रीय लोकदल की कमान चौधरी जयंत सिंह संभाले हुए हैं। बागपत व अन्य जाट बहुल क्षेत्रों में जयंत के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी दिख रहा है। करीब 24. 7 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले इस जिले में भी चुनावी मुद्दे मुजफ्फरनगर और शामली की तरह ही हैं। छपरौली विधानसभा क्षेत्र के आदर्श नंगला गांव के देवपाल सिंह कहते हैं, 14 दिन में गन्ना के बकाया भुगतान का वादा पूरा नहीं हुआ। आंदोलन में 700 से ज्यादा किसानों ने जान गंवाई तब तीन कृषि कानून वापस लिए। देवपाल को लगता है कि इस बार चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा तो किसान ही रहेंगे। बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के हिलवाड़ी गांव की अमृता कहती हैं कि कानून–व्यवस्था और विकास के मुद्दे पर ही चुनाव होगा। पिछले पांच साल में सड़कें बेहतर हुई हैं और बदमाश सलाखों के पीछे हैं। सहारनपुर : वुड कार्विंग कारोबारी दिख रहे परेशान। पश्चिमी यूपी में सहारनपुर जिला कई मायने में बेहद अहम है। यहां दारुल उलूम है तो मां शाकंभरी देवी की शक्ति पीठ भी। इस जिले में विधानसभा की 7 सीटें हैं। 2017 की भाजपा लहर में भी यहां कांग्रेस दो और सपा एक सीट जीत गई थी। हालांकि, देवबंद समेत 4 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। 2019 में मोदी लहर के बावजूद यहां बसपा के फजलुर्रहमान लोकसभा चुनाव जीत गए। कलक्ट्रेट में भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के संबंध में आए गांव नैनसोब के किसान राजेंद्र शर्मा गन्ने का भुगतान समय पर न मिलने से नाराज हैं। वह कहते हैं, किसान की लागत भी नहीं निकल पा रही। पुरानी मंडी क्षेत्र में वुड कार्विंग का कारोबार करने वाले आरिफ खान को महंगाई सबसे ज्यादा परेशान कर रही है। वह कहते हैं कि जीएसटी की बढ़ी दरें कारोबार को नहीं उबरने दे रहीं। बाजार में ग्राहक नहीं हैं। शहर के ही मोहल्ला छत्ता जम्बुदास निवासी दानिश सिद्दीकी उम्मीदों से भरे हैं। वह कहते हैं, स्मार्ट सिटी योजना में चुने जाने से सहारनपुर की सूरत संवरने की उम्मीद बढ़ी है। अगर रिंग रोड बन जाए तो जाम से राहत मिल जाए। वह चाहते हैं कि दुकानों और भवनों के टैक्स कम किए जाएं। बसंत विहार निवासी अंजली शर्मा रोजगार एवं महिला सम्मान को चुनाव का बड़ा मुद्दा मानती हैं। सहारनपुर में लगभग 40 फीसदी आबादी मुस्लिम है।

# अवध विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों को शोध कार्यों के लिए मिली अनुदान राशि – कुलपति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट योजना के तहत शोध कार्यों के लिए अनुदान राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। इसमें विश्वविद्यालय को तीन शोध कार्यों के लिए कुल 8 लाख 10 हजार 500 रूपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। अविवि के अर्थ एवं पर्यावरण विज्ञान संस्थान के डॉ. विनोद कुमार चौधरी को 'ग्रे वॉटर कैरेक्टराइजेशन, ईट्स ट्रीटमेंट बाई फिजिकल मैथड्स एण्ड डेवलपमेंट ऑफ वर्किंग मॉडल फॉर वॉटर रीयू.ज इन लैवोटरी एण्ड गारडिनिंग पर्पस' विषय पर 3 लाख 27 हजार 500 रूपए की स्वीकृति मिली है। वहीं भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के डॉ. अनिल कुमार को 'इलेक्ट्रिकल मोरफोलोजीकल एण्ड मॉलिक्यूलर डायनामिक्स इंवेस्टिगेशन ऑफ कार्बन नैनोट्यूब डोप्ड लिक्विड क्रिस्टल्स' विषय पर 3 लाख 36 हजार रूपए एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो. राजीव कुमार गौड़ को 'ऑप्टिमाइजेशन ऑफ माइक्रोबियल सक्कारिफिकेशन ऑफ शुगरकेन बगैस फॉर ग्लूकोस प्रोडक्शन' विषय पर 1 लाख 47 हजार शोध कार्यों के लिए अनुदान राशि स्वीकृत हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान राशि स्वीकृत होने पर शिक्षकों ने इसका श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह को दिया है। उन्होंने बताया कि कुलपति द्वारा समय– समय पर शोध कार्यों को बढ़ावा देने के साथ अन्य संस्थानों के




मुकाबले खड़ा करने के लिए शिक्षकों को निरन्तर प्रोत्साहित किया है। उसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट योजना के तहत शोध कार्यों के लिए अनुदान राशि स्वीकृत हुई है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षकों द्वारा किए गए शोध कार्यों से संस्थान की पहचान होती है। विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षकों को शोध कार्यों में प्रोत्साहन देने के लिए तत्पर है। कुलपति प्रो0 सिंह ने बताया कि अगस्त माह में प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालय की चार शिक्षिकाओं को रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट योजना के तहत 19 लाख 92 हजार 500 रूपए शोध कार्यों के लिए अनुदान राशि दी गयी थी। हम आशा करते है कि इसी तरह विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के शिक्षक स्वयं के एकेडमिक रिकार्ड को अच्छा करने के लिए शोध कार्यों में तेजी लायेंगे। शिक्षकों की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

# यूपी सरकार ने किया चुनाव से पहले दावा : गन्ना किसानों को रिकॉर्ड 1.51 लाख करोड़ रुपए का हुआ भुगतान

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रदेश के गन्ना किसानों के बकाए का अभी तक का सबसे अधिक पैसे का भुगतान होने का दावा किया है।भुगतान का आंकड़ा डेढ़ लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से बुधवार को दी गई जानकारी के अनुसार योगी सरकार ने अभी तक 1.51 लाख करोड़ रुपए गन्ना किसानों के बकाए का भुगतान किया है। आपको बता दें कि प्रदेश में गन्ना किसानों के बकाए का भुगतान न हो पाना पिछले कुछ दशकों से किसानों की सबसे गंभीर समस्या बन गई थी। गन्ना किसानों के भुगतान संबंधी आधिकारिक आंकड़ों से सरकार का दावा है कि 2017 से पहले दस सालों में बहुजन समाजवादी पार्टी और समाजवादी पार्टी की सरकारों द्वारा किए गए भुगतान को भी मिल कर इतना भुगतान नहीं हो पाया था। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2012 से लेकर 2017 के बीच सपा सरकार के कार्यकाल में गन्ना किसानों के बकाए का 95 हजार करोड़ रुपए का कुल भुगतान हुआ था। 2007 से लेकर 2012 तक बसपा सरकार के कार्यकाल में कुल भुगतान 55 हजार करोड़ रुपये हुआ था,जबकि योगी सरकार का अब तक का कुल भुगतान 1,51,508 करोड़ रुपये हो चुका है।

## सरकार ने यूपी को घोषित किया कोरोना प्रभावित राज्य : गाइडलाइन जारी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : कोरोना की संभावित तीसरी लहर के बीच उत्तर प्रदेश में एक बार फिर कोरोना अपना पैर पसार रहा है. पिछले 24 घंटे में 80 नए मरीज मिलने के बाद प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 392 हो गई है। इस बीच योगी सरकार ने यूपी को कोरोना प्रभावित राज्य घोषित कर दिया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि यूपी लोक स्वास्थ्य एवं महामारी रोग नियंत्रण अधिनियम 2020 की धारा 3 के तहत राज्यपाल ने इस बाबत पत्र जारी कर दिया है. यह घोषणा 31 मार्च तक लागू रहेगी। महामारी एक्ट लागू करने के साथ ही पाबन्दिशों की नई गाइडलाइन भी जारी कर दी है. इसके मुताबिक नाईट कर्फ्यू के दौरान आवश्यक सेवाओं एवं मालवाहक वाहनों समेत एंबुलेंस आदि को आने–जाने की इजाजत है. साथ ही कोरोना से जुड़े पुलिसकर्मी और रात्रि उद्योगों से संबंधित कर्मियों को उनके आईडी के आधार पर आने–जाने की अनुमति होगी। मास्क लगाने और सॉशल डिस्टेंसिंग को भी सख्ती से लागू करवाने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश किया गया है। इसके अलावा बंद स्थानों पर शादी समारोह और दूसरे कार्यक्रम में एक साथ 200 से अधिक लोगों को इकट्ठा या आमंत्रित नहीं किया जा सकता है और सभी लोगों को मास्क लगाना, 2 गज की दूरी रखना जरूरी है। खुले स्थानों पर कैपेसिटी का 50 फीसदी तक अतिथियों को इनवाइट किया जा सकता है। यहां भी सैनिटाइजर, 2 गज की दूरी और मास्क के नियमों का पालन करना है। सभी जिले के जिला अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि विदेश से आने वाले लोगों या यात्रियों की भारत सरकार की गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करवाएं, हाई रिस्क वाले देशों के यात्रियों का अनिवार्य रूप से आरटीपीसीआर टेस्ट कराई जाए और अन्य देशों के भी विदेशी यात्रियों का रैंडम टेस्ट से लेकर आरटीपीसीआर टेस्ट कराए जाएं। सभी रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस स्टॉप और सार्वजनिक स्थल पर कोरोना टेस्ट कराए जा रहे है। दूसरे राज्यो से आने वाले लोगो का भी रैंडम टेस्ट हो रहा है।

# राष्ट्रीय महिला अयोग की रिसोर्स पर्सन ने एक मासूम अनाथ लड़की का हक उसके हित मे दिलाया

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : एक मासूम नाबालिग अनाथ लड़की जिसका नाम महेक है जिसकी उम्र 13 वर्ष है लड़की के मां बाप दोनों की मृत्यु हो चुकी है और लड़की अकेले ही है लड़की का घर जगवंशापुर महावा थाना पूरा कलंदर में है पहले पिता की मृत्यु हुई उसके बाद मां की मृत्यु हुई जिसका सारा सामान लड़की के मामा अपने घर लेकर चले गए। जिनका घर थाना खंडाशा के कुंदुरखा कला मे है ।सामान जैसे, जेवरात वा बैंक के कागज, लड़की महेक को भी कुछ दिनों के लिए लेकर चले गए थे लड़की के साथ बहुत दुर्व्यवहार कर रहे थे लड़की किसी तरह से अपने घर वापस चाचा चाची के साथ आई और अपने मामा से जब सामान के लिए कहती तो वे देने से इनकार करते थे जो कि अभी डेढ़ माह पहले थाना खंडासा के थाना प्रभारी और वहां चौकी इंचार्ज से भी कई बार लड़की ने शिकायत की ऐसे ही लड़की 6 महीना चक्कर काटती रही लेकिन सुनवाई नहीं हुई। लड़की जब महिला आयोग की जन सुनवाई में श्वेता राज सिंह एडवोकेट से मिली और रो–रो कर पूरी बात बताई श्वेता राज सिंह की आंखों में आंसू आ गया और उन्होंने इस मामले को अपने संज्ञान में लेते हुए कड़ाई के साथ कार्रवाई करवाया और दिनांक 28 / 12 / 2021 को उस लड़की का सामान उसके हित में दिलाया गया। ऐसे ही लोगों की हमारे देश मे आवश्यकता है जैसे कि श्वेता राज सिंह एडवोकेट ने इस लड़की के साथ किया है । जहां 6 माह से पुलिस प्रशासन काम नहीं कर सका वह श्वेता राज सिंह ने कर दिखाया।

# बेहतर काम करने वाली आशा बहुएं व संगिनी सम्मानित

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ब्लॉक स्तरीय आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक रामचंद्र यादव शिरकत किया।सीएचसी अधीक्षक डॉ. रविकांत वर्मा ने मुख्य अतिथि भाजपा विधायक रामचंद्र यादव व विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी को बुके भेंट कर स्वागत किये।विधायक ने विकास खण्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा बहुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।वही मवई सीएचसी अधीक्षक डॉ रविकांत वर्मा ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाहन करने वाली आशाओं को नगद राशि देकर पुरष्कृत किये।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं।स्वास्थ्य सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाने में आशा कार्यकर्ता अहम भूमिका निभा रहीं हैं।प्रसव से लेकर बच्चे के टीकाकरण तक आशा कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता अंतिम व्यक्ति तक को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ती हैं। इस मौके पर विकास खंड से सैकड़ो आशाएं सहित मवई अधीक्षक डॉ. रविकांत वर्मा,सुनबा भाजपा नेता रविकांत तिवारी,तेज तिवारी,निर्मल शर्मा,सुनील मिश्रा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जल्द बर्खास्त कर दिया जाएगा कोटेदार – पूर्ति निरीक्षक

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मिल्कीपुर क्षेत्र के ग्राम सभा कहुआ में पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर ने ग्राम सभा कोटेदार सूर्यनाथ यादव और उनका इकलौता पुत्र अशोक कुमार यादव ग्राम प्रधान है, जबकि शासनादेश के नियमानुसार ब्लड के रिलेशन में एक घर में दो पद सृजित नहीं किया जा सकता उसी के संबंध में पूर्ति निरीक्षक ग्राम सभा कहुआ में पहुंच कर कार्ड धारको का लिया बयान और और जनता से कहा जल्द से जल्द कोटेदार की बर्खास्त कर दिया जाएगा कोटेदार सूर्यनाथ यादव के घर में दोनों पद होने के नाते जनता के साथ अभद्रता राशन कम देना ज्यादा रेट लेना और वोट ना देने का आरोप लगाया जाता था इसी बात को लेकर की जनता में आक्रोश आ गया था जनता द्वारा कोटेदार को हटाने के लिए एसडीएम मिल्कीपुर और जिला आपूर्ति अयोध्या को प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसकी जांच का आदेश बुधवार को दिया गया।

# गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह की 31 दिसम्बर को राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में होने वाली विशाल रैली की तैयारियां युद्ध स्तर पर

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह की 31 दिसम्बर को राजकीय इण्टर कॉलेज, अयोध्या के मैदान में होने वाली विशाल रैली की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक व जनसम्पर्क कर रैली को सफल बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। बुद्धवार को विधायक वेद गुप्ता ने देवकाली मण्डल के सभी शक्तिकेन्द्रों अश्वनीपुरम्, देवकाली, अवधपुरी, अमानीगंज, लक्ष्मणपुरी, साहबगंज, प्रताप नगर, अंगूरीबाग, मोतीबाग, गुरूतेग बहादुर पर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ की। सभी शक्तिकेन्द्रों पर बैठक के बाद विधायक वेद गुप्ता ने जनसम्पर्क भी किया। जनसम्पर्क करते हुये भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर–घर पत्रक बांटे व स्थानीय निवासियों से 31 दिसम्बर को जी0आई0सी0 मैदान में गृहमंत्री अमित शाह को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सुनने का निवेदन किया। विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह जी का पहली बार अयोध्या में आगमन हो रहा है। केन्द्र सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अयोध्या का विश्व स्तरीय विकास किया जा रहा है। हम सभी को भारी संख्या में उपस्थित होकर गृहमंत्री का भव्य स्वागतकर उन्हें अयोध्यावासियों की ओर से धन्यवाद देना है, आभार प्रकट करना है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, पार्षद अशोक द्विवेदी, शकुन्तला गौतम, रामनन्दन तिवारी, दिनेश मौर्या, किशन मौर्या, राजेश गौड़, चन्दन सिंह, सेक्टर संयोजक राधेश्याम मौर्या, मोहित श्रीवास्तव, शिवकुमार गौड, अरूण श्रीवास्तव, अतुल सिंह, अमरेन्द्र सिंह, अरविन्द त्रिवेदी मामा, पदाधिकारी राजकुमार वर्मा, देश दीपक जौहरी, अनूप श्रीवास्तव, शशि प्रताप सिंह, मोहित पाण्डेय, चंदन कसेरा व भाजपा सर्मथकों की उपस्थिति रही।

# जनपद में नियुक्त किए गए मास्टर ट्रेनर का जिलाधिकारी के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण हुआ आयोजित

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु जनपद में नियुक्त किए गए मास्टर ट्रेनर का जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सायं 4–00 बजे से प्रशिक्षण आयोजित किया गया प्रशिक्षण श्री अमित सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिया गया। उपस्थित सभी मास्टर ट्रेनर को बताया गया कि निर्वाचन के पूर्व शील्ड करने व खराब होने पर क्या क्या कार्यवाही किया जाएगाऔर निर्वाचन के पूर्व एवं निर्वाचन के दौरान ईवीएम मशीन एवं वीवी पैंट को खराब होने पर बदलने की प्रक्रिया बताई गई तथा ईवीएम एवं बीवी पैंट को चला कर दिखाया गया और समस्त प्रक्रिया को ईवीएम एवं वी वी पैंट को चलाकर दिखाया गया ईवीएम एवं वी वी पैंट से संबंधी दो पन्ने दिए गए जिसमे ईवीएम वी वी पैंट में आने वाली खराबी, एरर, मतदान के पहले, मतदान के दौरान खराब ईवीएम एवं वी वी पैंट को बदलने की प्रक्रिया, मतदान प्रारंभ के पूर्व मॉकपोल की प्रक्रिया, शील्ड करने की प्रक्रिया आदि की संबंधी जानकारी दी गई है। सभी से कहा गया है कि वे अपने क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट से मोबाइल नंबर पर अनिवार्य रूप से बात कर लें, और उनको निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र का भ्रमण कर लें और भ्रमण के पश्चात ए एम एफ से संबंधित रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए प्रत्येक निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करेंगे प्रशिक्षण में उप संचालक चकबंदी अयोध्या ओ पी गुप्ता, चकबंदी अधिकारी सदर विनय सिंह एवं अमित जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर उपस्थित रहे।

# शांतिपुर की श्री कमरिया बीपीडी गुड़ उद्योग के प्रोपराइटर को मिला प्रथम पुरस्कार

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव द्वारा माटी कला बोर्ड के क्रियाकलापों सम्बंधी पुरस्कार का वितरण किया गया, यह कार्यक्रम खादी ग्रामोद्योग कार्यालय में हुआ। उक्त अवसर पर जिला परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अयोध्या मण्डल अयोध्या श्री अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि कुम्हारी कला के लुप्त होते जा रहे उत्पादों को बढ़ावा देने, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा प्रदूषण मुक्त उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उ0प्र0 माटीकला बोर्ड का गठन करते हुए महाप्रबन्धक माटीकला बोर्ड के द्वारा कियाकलापों को संचालित किये जाने के की व्यवस्था की है। इस कार्य को उ0प्र0 खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रत्येक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के माध्यम से संचालित किया जाता है। सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में माटीकला वितरण योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, माटीकला कौशल विकास योजना, माइको माटीकला कॉमन फैसिलिटी सेन्टर, माटीकला विपणन विकास सहायता एवं प्रचार तथा माटीकला पुरस्कार योजना लागू की गई है। इसी क्रम में दिनांक 29.12.2021 को मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अनिता यादव मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या के कर कमलों द्वारा मण्डल स्तरीय माटीकला / ग्रामोद्योगी चयनित इकाईयों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को रू० 15,000.00, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को रू० 12,000.00 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को रू0 10,000.00 का पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह दिया गया, जिसमें माटीकला पुरस्कार योजना के तहत श्रीमती रीता देवी पत्नी श्री रामदेव निवासी ग्राम व पोस्ट– कोटसराय अयोध्या तथा श्रीमती सविता प्रजापति पत्नी श्री सूचित प्रजापति निवासी ग्राम बुद्धिराम का पुरवा (दर्शननगर) अयोध्या एवं श्री गुड्डू लाल प्रजापति पुत्र श्री ओम प्रकाश प्रजापति ग्राम व पोस्ट–जयसिंहपुर अयोध्या के लाभार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह ग्रामोद्योगी पुरस्कार योजना के तहत श्रीमती नमिता सिंह पत्नी श्री वेद प्रकाश सिंह निवासी ग्राम शान्तीपुर पोस्ट–रामपुर सर्धा अयोध्या तथा श्री अवधेश कुमार निवासी ग्राम बंकी रोड सेठगंज कुम्हौरा पोस्ट गदिया बाराबंकी एवं श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम दौर निवासी ग्राम मलकूपुर बड़ागांव पोस्ट करमिसिरपुर–अम्बेडकरनगर के लाभार्थियों को पुस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा माटीकला लघु प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अवलोकन उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा पुरस्कृत उद्यमियों को बधाई देते हुए भविष्य में और अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे क्षेत्र में कार्य करने वालों को और सम्मानित और पुरस्कृत किया जाय। इस मौके पर मुख्य अतिथि के अतिरिक्त डा0 सरिता द्विवेदी फाइन आर्ट्स एवं डा0 सविता ओझा अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास डा0 राम मनोहर लाहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या एवं अशोक कुमार शर्मा जिला / परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी के साथ एस0पी0 जायसवाल, उमाकान्त गुप्ता, संगम विश्वकर्मा एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# बुधवार को अयोध्या–अकबरपुर रेलवे ट्रैक पर दौड़ी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस साल के बीतते बीतते रेल यात्रियो के लिये यह खुश खबरी रही कि अब इधर से इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेने संचालित हो रही है।सूत्र के मुताबिक अकबरपुर जंक्शन से अयोध्या रेलखंड पर बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार व पूजा–पाठ के बीच पहली बिना यात्री की इलेक्ट्रिक ट्रेन दौड़ाई गई। इसके सफल ट्रायल के लिए एक महीने से रेलवे के अधिकारी जी–तोड़ मेहनत कर रहे थे। रेलवे विभाग ने इस काम को गुड़गांव की केएसी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड को दे रखा है। संस्था के इंजीनियर विकल्प तिवारी ने बताया कि अकबरपुर से बाराबंकी तक कराए गए कार्य की कुल लागत 80 करोड़ है। अभी अयोध्या से बाराबंकी रूट पर कार्य जारी है।जिले के रेल ट्रैक पर अब बिजली से चलने वाली ट्रेनों का इंतजार खत्म हो गया है।इसी कडीध में बुधवार दोपहर सवा तीन बजे अकबरपुर जंक्शन पर लाल व पीले रंग वाली 10 बोगी की बिना यात्री पहुंची स्पेशल ट्रेन आकर्षण का केंद्र बनी रही। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को देखने के लिए भीड़ उमड़ी थी। स्वागत में यहां पहले से ही रेलवे के अधिकारी व पुलिसकर्मी सतर्क थे। ट्रेन पहुंचने के करीब 40 मिनट बाद रेलवे के सीसीआरएस शैलेश कुमार पाठक बाहर निकले। उनके साथ डीआरएम



व अन्य अधिकारी भी थे। बनारस रेलवे खंड के चालक लालता प्रसाद ने पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन को रेलवे ट्रैक पर दौड़ाया।इस संबंध में सीसीआरएस ने बताया कि जल्द ही इस रूट पर इलेक्ट्रिक इंजन वाली यात्री ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा।वही इस मौके पर इलेक्ट्रिक ट्रेन के इंजन को फूलमालाओं व गुब्बारों से सजाया गया था। यात्रियों के साथ रेलवे कर्मचारी व अधिकारियों में इस पल को अपने कैमरे में कैद करने की होड़ मची रही। सबसे ज्यादा खुश कार्यदायी संस्था के कर्मचारी दिखे। वे सभी इंजन के आगे खड़े होकर एक दूसरे को बधाई देते हुए सेल्फी लेने में जुटे थे।इस मौके पर मैनेजर तुतल सिघराय, वायसी कृष्णा समेत अन्य कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की।

# नवनियुक्त प्रदेश सचिव का आप कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष डाक्टर शौकत अली शाही को आम आदमी पार्टी का प्रदेश सचिव सह मंडल प्रभारी मानिटरिंग विंग अयोध्या बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्ति करते हए आमआदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह व प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह और मानिटरिंग विंग प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि डाक्टर शौकत अली शाही को प्रदेश सचिव सह मंडल प्रभारी बनाए जाने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी।डाक्टर शौकत अली शाही को प्रदेश सचिव सह मंडल प्रभारी बनाए जाने पर रुदौली विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं ने भेलसर स्थित कार्यालय पर डाक्टर शौकत अली शाही का जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत नव नियुक्त प्रदेश सचिव व सह मंडल प्रभारी मानिटरिंग विंग डाक्टर शाही ने कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह व प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह और मानिटरिंग विंग प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने मुझ पर विश्वास करके जो इतना बड़ा पद दिया है मैं आप लोगों के सहयोग से पार्टी के संगठन को पूरी ईमानदारी के साथ मजबूत करने में कोई कमी नहीं आने दूंगा।डाक्टर शाही ने कहा कि शीघ्र ही होने जा रहे विधानसभा 2022 के चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी और कामयाब होगी।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता उद्दयोग पतियों और पूंजी पतियों की सरकार को उखाड़ फेंकेगी।नव नियुक्त प्रदेश सचिव सह मंडल प्रभारी मानिटरिंग विंग अयोध्या डाक्टर शाही बताया कि आमआदमी पार्टी द्वारा 2 जनवरी 2022 को लखनऊ में आयोजित होने वाले एक विशाल रोजगार गारंटी महा सम्मेलन को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी सम्बोधित करेंगे जिसमें लाखों की भीड़ जुटेगी। नवनियुक्त प्रदेश सचिव सह मंडल अध्यक्ष मानिटरिंग विंग डाक्टर शाही का स्वागत करने वालों में गुलाम गौस जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक अयोध्या,हैदर अली जिला उपाध्यक्ष,मोहम्मद ताहिर जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ,इजहार अहमद,मोहम्मद जाकिर,नियाज अहमद, अशरफ अली,अल्हाज,सिराज,मोहम्मद सुल्तान व फुरकान सहित तमाम आप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा परियोजनाओं की हुई समीक्षा

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज ,अयोध्या के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ द्वारा वित्त पोषित परियोजना की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा संपन्न हुई। वैज्ञानिक डॉ राजवीर सिंह राठौर, उप महानिदेशक, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ, डॉ अश्वनी कुमार शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना शोध संस्थान, लखनऊ द्वारा विश्वविद्यालय मे परियोजना प्रक्षेत्रो का भ्रमण कर परियोजना के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक सुझाव दिए। डाँ शंभू प्रसाद, मुख्य अन्वेषक ''जेनटीक इन्हैन्समेंट फॉर टर्मिनल व्हीट टोलरेंस इन ब्रैड व्हीट विथ कन्वेंशनल एंड मोलिक्यूलर ब्रीडिंग'' परियोजना के मुख्य उद्देश्य एवं लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्षेत्र एवं प्रयोगशाला में किए गए कार्यो से अवगत कराया। द्वितीय परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ लक्ष्मी प्रसाद ने ऊसर भूमि में फसल अवशेषों के प्रयोग द्वारा मत्स्य पालन नोडल परियोजना के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के बारे में अवगत कराया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि डॉ राठौर एवं डॉ शर्मा द्वारा विश्वविद्यालय के एग्रोनॉमी, ऑर्गेनिक खेती प्रयोग प्रक्षेत्र, एनएसपी–6 प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर तकनीकी विषय के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। माननीय कुलपति महोदय डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में विश्वविद्यालय के चौमुखी विकास पर तकनीकी अनुश्रवण समीक्षा समिति ने हर्ष व्यक्त किया। परियोजना निरीक्षण एवं समीक्षा के समय विशवविधालय के डॉ शंभू प्रसाद, डॉ लक्ष्मी प्रसाद, डॉ सी पी सिंह, डॉ दिनेश कुमार , डॉ सुनील कांत , डॉ अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# टोल प्लाजा पर चल रहा है ढाबा संचालकों और पुलिस प्रबंधन का बड़ा खेल

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : रौनाही थाने से पश्चिम चंद मीटर दूर तहसीनपुर टोल प्लाजा पर ढाबा संचालकों का चल रहा है बड़ा खेल,लॉक डाउन के नाम पर बिहार,गोरखपुर,कौशाम्बी, कुशीनगर, बलिया,देवरिया जैसे अन्य पूर्वांचल के जिलों से आने वाली नेट बुकिंग बस के यात्रियों के जेब से हो रहा है लूट का खेल,टोल प्लाजा पर स्थिति चंचल ढाबे पर लॉक डाउन का हवाला देकर कमला पसंद गुटके,सिगरेट पर 1 से 2 रुपए बढ़ाकर आम यात्रियों के साथ की जा रही है पैंकिग रेट से ज्यादा अवैध वसूली,रात कोरोना कर्फ्यू का भी पालन करवाने में पूरी तरह रौनाही पुलिस है फेल,टोल प्लाजा प्रबंधक और रौनाही पुलिस की उदासीनता के चलते आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रहे है टोल प्लाजा के ढाबा संचालक और चाय पान के दुकानदार, इस कदर चंचल ढाबे पर खड़ी होती है बाहर की बसें कि मोटर साइकिल सवारों को टोल क्रॉस करने में होती है बड़ी परेशानी,दुर्घटना को बराबर मिलती है दावत, मामले की जानकारी रौनाही थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह और टोल प्रबंधक को देने के बाद भी चल रहा है ग्राहकों से गुटका पान,सिगरेट के नाम पर अवैध वसूली का खेल,नही हो रही है ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही,क्षेत्र की जनता देख रही है पुलिस और टोल प्रबंधन के युगलबंदी का खेल–नाम पता और पहचान गुप्त रखने की बात पर कुछ ढाबा,होटल, चाय पान के दुकानदारों ने बताया कि टोल पर चलता है गजब का पुलिस और टोल प्रबंधन के युगलबंदी का खेल।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।